
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-285 ❒ शुक्रवार, 15 नवम्बर 2024 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12


नरेन्द्र मोदी झारखंड के विकास के लिए कई विकास योजनाओं को दें रहे है, लेकिन हेमंत सरकार सभी योजनाओं को भ्रष्टाचार के बलि चढ़ा दे रहे है। **अमित शाह**

डॉक्टरों को निर्देश देने की याचिका खारिज 11

सीएम धामी ने जौलजीबी मेला-2024 का किया शुभारंभ 12

## संक्षेप

### गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली का सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि उड़ान परीक्षण तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंज में किए गए । इन परीक्षणों के दौरान कई लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए रेंज, सटीकता और स्थिरता का मूल्यांकन रॉकेटों के व्यापक परीक्षण द्वारा किया गया है। पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए सटीक स्ट्राइक वैरिएंट पूरी तरह से स्वदेशी हथियार प्रणाली है जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, युद्ध सामग्री के साथ प्रमाण और प्रायोगिक प्रतिष्ठान के सहयोग से आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और सेना की सराहना की है और कहा है कि इस गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली के शामिल होने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की मारक क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी और कहा कि रॉकेट प्रणाली ने भारतीय सेना में शामिल होने से पहले सभी आवश्यक उड़ान परीक्षण पूरे कर लिए हैं।

### इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली जमानत, परन्तु सजा बरकरार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगजनी मामले में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की जमानत मंजूर कर ली है, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल सजा पर रोक नहीं लगाई। कोर्ट के आज के आदेश से सीसामऊ सीट पर उपचुनाव होगा, और उनकी विधायकी बहाल नहीं होगी। यह आदेश जस्टिस राजीव गुप्ता एवं जस्टिस सुरेन्द्र सिंह की बेंच ने इरफान सोलंकी की तरफ से दाखिल अपील पर पारित किया। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 8 नवम्बर को फैसला सुरक्षित कर लिया था। कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आगजनी केस में इरफान सोलंकी एवं भाई रिजवान सोलंकी को 7 वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधायकी चली गई थी। इस सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल किया गया था और मांग की गई थी कि सजा पर कोर्ट रोक लगाए तथा उन्हें जमानत पर रिहा करे।
सजा के खिलाफ राज्य सरकार ने भी सजा को और बढ़ाने के लिए हाईकोर्ट में अपील दाखिल किया है।इस पर कोर्ट आगे आदेश करेगी। जाजमऊ के डिफेंस कॉलोनी में रहने वाले इरफान व उसके भाई रिजवान ने पड़ोसी महिला नजीर फातिमा का प्लाट में बना अस्थाई घर फूंक दिया था। नजीर फातिमा ने 8 नवम्बर 2022 को जाजमऊ थाने में इरफान, रिजवान समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# दो शिफ्ट में परीक्षा का फैसला वापस

## मुख्यमंत्री योगी की पहल पर आयोग का फैसला, एक दिवस में होगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

प्रयागराज/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने आगामी पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 को एक ही दिन में आयोजित करने का फैसला किया है। इस निर्णय से प्रतियोगी परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों को राहत मिली है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पीसीएस और अन्य चयन परीक्षाओं को लेकर छात्रों के बीच असंतोष की स्थिति थी। छात्रों की मांग थी कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को एकाधिक पालियों में कराने के बजाय एक ही दिन में संपन्न कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों की इन मांगों का संज्ञान लेते हुए आयोग को निर्देश दिया कि वह छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर आवश्यक निर्णय ले। आयोग ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर छात्रों से संवाद किया और उनकी मांगों पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया कि पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 पूर्व की भांति एक ही दिन में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर यूपीपीएससी ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 को स्थगित करते हुए उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति सभी पहलुओं पर गहन अध्ययन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी, जिससे इन परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया जा सके।

**राहत**

- ❒ आरओ/एआरओ (प्रा.) परीक्षा-2023 को स्थगित कर इसके लिए आयोग द्वारा समिति का गठन
- ❒ समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अतिशीघ्र अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी
- ❒ प्रतियोगी छात्रों की मांग का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया था संज्ञान मुख्यमंत्री ने आयोग को अभ्यर्थियों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने को कहा

उत्तर प्रदेश सरकार
UPPSC

### समय पर होती परीक्षा तो आ चुका होता अंतिम परिणाम

अगर पीसीएस-2024 की परीक्षा समय पर हो गई होती, तो अब तक इसका अंतिम परिणाम भी घोषित हो चुका होता। आयोग ने पीसीएस-2023 का चयन परिणाम प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन से नौ माह के भीतर घोषित कर दिया था और पीसीएस-2024 के लिए आयोग की योजना आठ माह में परिणाम घोषित करने की थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आयोग के आज के फैसले के बाद यह परीक्षा चौथी बार स्थगित हो चुकी है।

### पीसीएस प्री के लिए ही फिलहाल मानी गई मांग

पीसीएस प्री के लिए ही फिलहाल मांग मानी गई है। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए बाद में निर्णय लिया जाएगा। उच्च स्तरीय कमेटी का गठन होगा। समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के संबंध में कमेटी ही अगला निर्णय लेगी।

उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में देश के कई हिस्सों में पेपर लीक की घटनाओं को देखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार ने चयन परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इसी कारण, आयोग ने दिसंबर में प्रस्तावित पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाओं को एकाधिक पालियों में आयोजित करने की घोषणा की थी। हालांकि, छात्रों की मांग और मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद अब पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में आयोजित की जाएगी।


उन्होंने बताया कि इस फैसले से लाखों छात्र जो इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। परीक्षा को एक ही दिन में आयोजित करने से छात्रों को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता का भरोसा मिलेगा। साथ ही, आयोग द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट से भविष्य में होने वाली परीक्षाओं की शुचिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस फैसले के बाद छात्रों में खुशी की लहर है और वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस त्वरित निर्णय की सराहना कर रहे हैं।

### पीसीएस परीक्षा के लिए शहर में ही केंद्र बनाने की बाध्यता खत्म

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने पीसीएस भर्ती के अभ्यर्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र बनाने के मानक में बदलाव कर दिया है। पीसीएस भर्ती के लिए परीक्षा केंद्र शहर में ही बनाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इसके साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व कोषागार की दूरी 10 किलो मीटर होने की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी गई है लेकिन, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परीक्षा केंद्र मुख्य मार्ग पर स्थित संस्थाओं में ही बनाए जाएं।
प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने गुरुवार को इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए सभी आयोगों और बोर्ड अध्यक्षों को निर्देश भेज दिए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग व चयन बोर्ड की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग ● शेष पेज 11 पर

# 20 नये न्यूक्लियर पावर प्लांट देश में स्थापित किए जाएंगे: मनोहर लाल

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



- ❒ 2035 के बाद देश में सिर्फ ग्रीन और क्लीन एनर्जी पर ही होगा काम
- ❒ सबसे पहले सरकारी दफ्तरों व कालोनियों में लगेंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर
- ❒ ऊर्जा और शहरी विकास के क्षेत्र में लाई जाएंगी नई योजनाएं


लखनऊ। केंद्रीय मंत्री ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि आने वाला समय ग्रीन व क्लीन एनर्जी पर है। 2035 के बाद सिर्फ सोलर, विंड, हाइड्रो और न्यूक्लियर पावर प्लांट पर ही काम होगा। देश में आठ न्यूक्लियर पावर प्लांट का काम शुरू करने की तैयारी है। आदेश दिया गया है कि और 20 न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए स्थल चिन्हित किए जाएं। गुरुवार को शहर के एक होटल में मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 2035 तक पुराने थर्मल पावर प्लांट को भी सुधारकर अगले 10 सालों तक चलाने का आदेश दिया गया है। इसके बाद पूरा फोकस सोलर, विंड, हाइड्रो और न्यूक्लियर एनर्जी पर ही रहेगा।

उन्होंने कहा कि बिजली सेवाओं में सुधार और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरे देश में लगाए जा रहे हैं। आदेश दिया गया है कि सबसे पहले ये स्मार्ट प्रीपेड मीटर सरकारी कार्यालयों, सरकारी कालोनियों में लगाए जाएं। इसके बाद वाणिज्यिक संस्थानों तथा बड़े उपभोक्ताओं के परिसर में इस मीटर को लगाया जाए। ऐसा होने पर पैसा समय से आने लगेगा। एक निर्धारित समय सीमा के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम पूरा करना है। उन्होंने कहा कि कम लोड वाले बिजली उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने में उन्हें यूपी में दो फीसदी छूट दिए जाने का प्रस्ताव है। जरूरत पड़ी तो इस छूट को और बढ़ाया जाएगा। मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि बुधवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा की जिसमें बताया गया कि वर्ष 2020-21 में यूपी में लाइनलास 27 फीसदी था जो अब कम होकर 16 फीसदी पर आ गया है। देश में लाइनलास का औसत 15 फीसदी है। यूपी में इस क्षेत्र में और सुधार की गुंजाइश है। यूपी के बकायेदार बिजली उपभोक्ता जो बिल की अदायगी नहीं कर पाएं उनके लिए ओटीएस लाने की बात उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले तीन महीनों में उन्होंने देश के 16 राज्यों में ऊर्जा और शहरी विकास की योजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही आगे क्या नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। इस पर चर्चा की है। जनवरी 2025 तक सभी राज्यों में इस तरह की बैठकें हो जाएंगी। इन बैठकों के बाद जरूरत के मुताबिक नई योजनाएं भी लाई जाएंगी। मंत्री ने ● शेष पेज 11 पर

# काशी में प्रसिद्ध देव दीपावली आज, धनखड़ मुख्य अतिथि

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- ❒ योगी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी होंगे शामिल
- ❒ देव दीपावली काशी की पहचान, हमें सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है: जयवीर सिंह



लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का कहना है कि वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली शुक्रवार को है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस वर्ष लगभग 17 लाख दीपों से गंगा घाट जगमगाएंगे। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाई जाएगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि देव दीपावली काशी की धरोहर है, जो हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है। जयवीर सिंह ने कहा कि गंगा के विभिन्न घाट दीपों की लड़ियों से जगमगाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन फायर क्रैकर शो, गंगा आरती, लेजर शो आदि विशेष आकर्षण के केन्द्र होंगे। उन्होंने बताया कि देव दीपावली न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, बल्कि यह विश्व भर के पर्यटकों का भी मन मोह लेती है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी पहुंच रहे हैं। पर्यटकों के ठहरने, भ्रमण करने, दर्शन-पूजन आदि का उत्तम प्रबंध किया गया है। गंगा के घाटों पर दीपों की पंक्तियां एक अविस्मरणीय शोभा का निर्माण करती हैं। देव दीपावली हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं गौरवशाली इतिहास का हिस्सा रही है।

# कनाडा से अर्श दल्ला के प्रत्यर्पण का अनुरोध करेगा भारत

नयी दिल्ली। भारत ने कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी अर्श सिंह गिल उर्फ अर्श दल्ला की गिरफ्तारी के बाद उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध करने का निर्णय लिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अर्श दल्ला की गिरफ्तारी की खबर पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, ''हमने खालिस्तान टाइगर फोर्स के वास्तविक प्रमुख, घोषित अपराधी अर्श सिंह गिल उर्फ ??अर्श दल्ला की कनाडा में गिरफ्तारी पर 10 नवंबर से प्रसारित मीडिया रिपोर्टें देखी हैं। कनाडाई प्रिंट और विज़ुअल मीडिया ने गिरफ्तारी पर व्यापक रूप से रिपोर्ट दी है।हम समझते हैं कि ओंटारियो कोर्ट ने मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। अर्श दल्ला हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और आतंकी वित्तपोषण सहित आतंकवादी कृत्यों के 50 से अधिक मामलों में घोषित अपराधी है। मई 2022 में उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। उसे 2023 में भारत में एक व्यक्तिगत आतंकवादी के ● शेष पेज 11 पर

# 'जेएमआई में गैर मुसलमानों का साथ होता है भेदभाव, धर्मांतरण के लिए डाला जाता है दबाव'

**एजेंसी**



- ❒ न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस एन ढींगरा के नेतृत्व में गठित तथ्य खोजी समिति ने किया अपनी रिपोर्ट में किया दावा

नयी दिल्ली। दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय (जेएमआई) में गैर-मुसलमानों के साथ भेदभाव और गैर-मुसलमानों के इस्लाम में धर्मांतरण के लिए दबाव डाला जाता है।

इस बात की खुलासा जेएमआई में गैर-मुस्लिम विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों के साथ भेदभाव और गैर-मुसलमानों को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालने के आरोपों को लेकर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस एन ढींगरा के नेतृत्व में गठित तथ्य खोजी समिति ने किया है। समिति ने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, शिक्षा मंत्रालय और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कार्यालय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ढींगरा, दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त एस एन श्रीवास्तव, दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजीव कुमार तिवारी, दिल्ली सरकार के पूर्व सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी नरेन्द्र कुमार (आईएएस), पूर्व सचिव दिल्ली सरकार (सदस्य), किरोड़ीमल कॉलेज के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. नदीम अहमद, दिल्ली उच्च न्यायालय की अधिवक्ता पूर्णिमा शामिल हैं।

इस समिति के सदस्यों ने आज यहां इस मुद्दे पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भेदभाव और इस्लाम धर्म अपनाने के लिए प्रताड़ना झेलने वाले लोगों की गुजारिश पर इस समिति का गठन किया गया और जांच के दौरान समिति ने पाया कि जेएमआई में गैर मुस्लिमों के साथ भेदभाव होता है और उन पर इस्लाम धर्म को अपनाने के लिए दबाव डाला जाता है। इस दौरान न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) ढींगरा ने बताया कि जांच के दौरान समिति के समक्ष लगभग हर गवाह ने जेएमआई में गैर-मुसलमानों के साथ भेदभाव और गैर-मुसलमानों के खिलाफ पक्षपात के बारे में गवाही दी, चाहे गैर-मुस्लिम विद्यार्थी हो या शिक्षण संकाय का सदस्य हो। उन्होंने बताया कि इस काम में जेएमआई के मौजूदा मुस्लिम विद्यार्थी,पूर्व विद्यार्थी, प्रोफ़ेसर और कर्मचारी सभी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार एक सहायक प्रोफ़ेसर ने कहा कि उनके द्वारा शुरू से ही पक्षपात महसूस किया गया था और पीएचडी सेक्शन के मुस्लिम क्लर्क ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह किसी काम की नहीं है और कुछ हासिल नहीं कर पाएगी। क्लर्क (जो पीएचडी थीसिस का शीर्षक भी ठीक से नहीं पढ़ पाया था) ने थीसिस की गुणवत्ता पर टिप्पणी ● शेष पेज 11 पर

# डोमिनिका मोदी को 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करेगा

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। कैरेबियाई देश डोमिनिका ने घोषणा की है कि वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुयाना में आयोजित भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित करेगा।

रोसेऊ में डोमिनिका सरकार की जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि श्री मोदी को कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में उनके योगदान और भारत और डोमिनिका के बीच साझीदारी को मजबूत करने के लिए उनके समर्पण के सम्मान में अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करेगा। डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में होने वाले आगामी भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान श्री मोदी को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। फरवरी 2021 में श्री मोदी ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70 हजार खुराकें प्रदान कीं थीं। यह एक उदार उपहार था जिसने डोमिनिका को अपने और कैरेबियाई पड़ोसियों के नागरिकों को सहायता करने में सक्षम बनाया। डोमिनिका सरकार का यह पुरस्कार श्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमिनिका के लिए भारत के समर्थन के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जलवायु अनुकूल निर्माण पहल और सतत विकास को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को भी मान्यता देता है। डोमिनिका के प्रधानमंत्री स्केरिट ● शेष पेज 11 पर

## झारखंड के चुनावी रण में गरजे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बोले- झारखंड को लूटने वाले सत्ता से होंगे बेदखल, भाजपा बनाएगी सरकार

# लूट-खसोट करते हैं कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले: योगी

**एजेंसी**

- ❒ दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कर लिया जाता है कब्जा
- ❒ जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएंगे तीनों दल: योगी
- ❒ हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया, लेकिन अब बंटना नहीं बल्कि एक और सेफ रहना है
- ❒ मजदूर वहीं का वहीं रह गया, लाल सलाम वाले हो गये मालामाल : सीएम
- ❒ भ्रष्टाचारी कांग्रेस सांसद के घर 350 करोड़ और झामुमो सरकार के मंत्री के घर में मिलते हैं 35 करोड़ रुपये: योगी



धनबाद/बोकारो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद व वामपंथी उनके निशाने पर रहे। बोले कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस व राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निरसा विधानसभा से प्रत्याशी अपर्णा सेनगुप्ता, सिंदरी से तारा देवी, बोकारो से बिरंची नारायण, चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी व बेरमो से रविंद्र कुमार पांडेय, गोमिया से लंबोदर महतो के लिए जनसभा कर जिताने की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है।

सीएम योगी ने कहा कि धनबाद कोयले की राजधानी भी कही जाती है। यहां का कोयला मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। वामपंथी संघर्ष का नारा लगवाएंगे, हड़ताल करवाते हैं, फिर ब्लैकमेल करके माल कमाते हैं। मजदूर वहीं का वहीं रह जाता है और लाल सलाम वाले मालामाल बन जाते हैं। कोई बैरियर बनता है तो यह लोग उसकी निर्मम हत्या भी करते हैं। सभी जानते हैं कि भाजपा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के पति के साथ क्या हुआ था। लालसलाम वालों को धक्का देकर बाहर करना है। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि मोदी जी राशन भेजते हैं, लेकिन यहां झामुमो, कांग्रेसी, राजद व कम्युनिस्ट खा जाते हैं। जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तो झारखंड का जवान रोज शहीद होता था। यह लोग जवानों से कहते थे कि जब दुश्मन गोली चलाएगा, तब गोली चलाना लेकिन नया भारत घुसपैठ करने वाले आतंकियों का काम तमाम कर उसकी जहन्नुम की यात्रा निकाल देता है। आतंकियों का हाल देख आका पाकिस्तान भी कांप जाता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि झारखंड को लव और लैंड जेहाद का अड्डा बना दिया है। दूसरी, तीसरी, चौथी शादी कराकर जनजाति बेटियों को बहकाकर जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। झामुमो, राजद व कांग्रेस वाले रोटी, माटी व बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने आए हैं। लव जेहाद व लैंड जेहाद के माध्यम से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों को ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में और 'ताकतवर' होगा अभियोजन विभाग

❒ अपराधियों को सजा दिलाने में आएगी और तेजी
❒ योगी सरकार ने नये संयुक्त अभियोजन कार्यालय के लिए 11 जिलों में आवंटित की जमीन
❒ श्रावस्ती, संतकबीरनगर, गाजियाबाद, औरैया, चंदौली समेत 11 जिलों में बनेंगे अभियोजन कार्यालय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश की कानून-व्यवस्था को मजबूत और पुख्ता करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। योगी सरकार यूपी पुलिस के अभियोजन विभाग को और सशक्त करने के लिए प्रदेश के 11 जिलों में संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालयों की स्थापना करने जा रही है। इसके लिए इन सभी जिलों में विभाग के कार्यालय के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। वहीं निर्माण कार्य के बजट के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। शासन से बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

जिलों में विभाग के कार्यालय के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। वहीं निर्माण कार्य के बजट के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। शासन से बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। संतकबीर नगर में एक एकड़ में बनेगा संयुक्त अभियोजन कार्यालय अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए प्रदेश के 11 जिलों में नये संयुक्त अभियोजन कार्यालयों की स्थापना के निर्देश दिये थे। इसी मद्देनज़र प्रदेश के 11 जिलों श्रावस्ती, चंदौली, चित्रकूट, बांदा, संतकबीर नगर, गाजियाबाद, महाराजगंज, ललितपुर, सोनभद्र, औरैया और फिरोजाबाद में जमीन आवंटित कर दी गई है। संतकबीर नगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप जिले में संयुक्त अभियोजन कार्यालय और आवास के लिए ग्राम बड़गो में 0.405 हेक्टेयर अर्थात एक एकड़ जमीन आवंटित कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह जमीन गाटा संख्या 725, 727, 728, 729 एवं 730 में दर्ज है। इस जमीन का तहसीलदार द्वारा चिह्नांकन भी कर दिया गया है। चिह्नित भूमि पर भवन निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा प्रस्तुत एस्टीमेट 740.64 लाख एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा एस्टीमेट 793.02 लाख को पुलिस महानिदेशक अभियोजन निदेशालय को उपलब्ध करा दिया गया है।

एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि संयुक्त अभियोजन कार्यालय के लिए श्रावस्ती में एक एकड़ जमीन ग्राम गलकटवा, परगना एवं तहसील भिनगा में आवंटित की गई है। इसी तरह चंदौली के ग्राम धुरीकोट, परगना मझवार, तहसील एवं जनपद चंदौली में 0.100 हेक्टेयर, चित्रकूट के ग्राम तरौंहा रूरल, परगना एवं तहसील कर्वी में 0.050 हेक्टेयर, बांदा के ग्राम मवई बुजुर्ग तहसील बांदा में 0.770

# देव दीपावली पर्व पर उद्घाटन के लिए तैयार नमोघाट, दुल्हन की तरह सजा घाट

❒ पर्व पर गंगा की लहरों पर लेजर शो और लाइट, मल्टीमीडिया शो के माध्यम से भगवान शिव के भजन की दमदार प्रस्तुति,काशी का पूरा धार्मिक इतिहास होगा प्रदर्शित



एजेंसी

वाराणसी। मोक्ष नगरी काशी, देव दीपावली पर्व पर अपनी धार्मिक यात्रा के इतिहास के बारे में पूरे विश्व को बताएगी। प्रदेश सरकार देव दीपावली पर काशी आने वाले पर्यटक को काशी की धार्मिक इतिहास, मां गंगा का अवतरण व देव दीपावली का धार्मिक वर्णन 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग के माध्यम से दिखाएगी। गंगा की लहरों पर लेजर शो और लाइट मल्टीमीडिया शो के माध्यम से भगवान शिव के भजन की प्रस्तुति होगी। लगभग 25 मिनट का शो एक बार से ज्यादा बार दिखाया जाएगा, जिससे देव दीपावली पर आने वाले सभी श्रद्धालु देख सकें। शो का आयोजन चेत सिंह घाट पर होगा। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। देव दीपावली पर्व पर ही नमोघाट उद्घाटन के लिए तैयार हैं । इसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संयुक्त रूप से करेंगे। उद्घाटन के पूर्व नमो घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

वाराणसी परिक्षेत्र के कमिश्नर कौशल राज शर्मा के अनुसार देव दीपावली पर्व पर काशी का धार्मिक इतिहास दिखाया जाएगा , जिसमें आनंद कानन, भगवान शिव का काशी आना, काशी में ऋषियों मुनियों की कहानी, भगवान बुद्ध, जैन तीर्थंकर, सम्राट अशोक , तुलसीदास, कबीर साहेब, रानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा मंदिरों और कुंडों का जीर्णोद्धार आदि पौराणिक कहानियां होंगी। इसके अलावा देव दीपावली क्यों मनाई जाती है, गंगा अवतरण की कहानी भी पर्यटक देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिव भजनों के 5-6 ट्रैक होगा। घाट पर शो को चलाने के लिए टेक्नीशियन तथा इंजीनियरों की टीम जुटी है। पूरे शो का प्रोजेक्शन 24 लेज़र प्रोजेक्टर के माध्यम से होगा। शो की अवधी लगभग 25 मिनट की होगी।

उन्होंने बताया कि चेत सिंह घाट से ही गंगा की लहरों में लेजर और लाइट मल्टीमीडिया शो भी आयोजन देखने को मिलेगा। जो टाइम कोड द्वारा प्रसारित किया जाएगा, इसमें संगीत की ध्वनि के साथ लेज़र और विद्द्युत संयोजन का एक ख़ास तालमेल देखने को मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि चेत सिंह घाट पर लेज़र शो 5:30 बजे, 7:00 बजे, 8:00 बजे और 8:45 बजे चार बार चलेगा। 3-ड़ी लेज़र प्रोजेक्शन मैपिंग शो, लेजर लाइट एंड साउंड शो 25 मिनट का होगा जो कुछ अंतराल में कई बार रिपीट होगा। जिससे देव दीपावली पर काशी आने वाले सभी पर्यटक देख सकें। बताते चले कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाने वाली काशी की देव दीपावली इस बार 15 नवंबर को मनाई जाएगी। परंपरागत दीपमालाओं, गंगा आरती के साथ देव दीपावली आधुनिक रूप में भी देखने को मिलेगा। घाटों के किनारे सदियों से खड़ी धर्म, अध्यात्म, संस्कृत और काशी के पौराणिक इतिहास की गवाह इमारतों पर सनातन की कहानी जीवंत होती दिखेगी।

# याद किए गए प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय हॉकी कमेंटेटर व पत्रकार कबीर शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। खेल पत्रकार संघ (एल.एस.जे.ए) के पूर्व आजीवन अध्यक्ष व संस्थापक वरिष्ठ खेल पत्रकार कबीर शाह की पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को उनके गोलागंज स्थित आवास पर याद में परम्परागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रख्यात खेल पत्रकार कबीर शाह लखनऊ खेल पत्रकार संघ के दो बार अध्यक्ष रहे जिसके बाद उन्हें आजीवन अध्यक्ष चुना गया था।वह ऑल इंडिया रेडिया के प्रतिष्ठित प्रोड्यूसर और दूरदर्शन के मशहूर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी कॉमेंटेटर थे। कबीर शाह कई प्रमुख अखबारों क़ौमी आवाज़,पायनियर आदि से भी बतौर पत्रकार जुड़े रहे।विश्वप्रख्यात हॉकी के दिग्गज के.डी सिंह बाबू से उनकी मित्रता व दादा ध्यानचंद से उनकी घनिष्ठता आज भी पुराने खिलाड़ी याद करते हैं।कबीर शाह का दिहान्त सन 1996 में 14 नवम्बर को लखनऊ में हुआ था।जिसके बाद उनकी स्मृति में समय समय पर खेल प्रतियोगिताओ का ज़िले, मंडल व राज्य स्तर पर विभिन सामाजिक व खेल व पत्रकार संघठनो द्वारा आयोजन किया जाता रहा है।

# किडनी देकर मां ने बेटी को दी नई जिंदगी

❒ केजीएमयू में दिखाई दिया माँ की अपने बच्चे के लिए होने वाले अटूट प्रेम का जीता जागता उदाहरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मां अपने बच्चों के लिए क्या नहीं करती उसकी खुशी के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर देती है ऐसा ही एक उदहारण लखनऊ के मेडिकल कॉलेज मे दिखाई दिया जहाँ जीवन देने वाली मां ने किडनी दान कर एक बार फिर अपनी लड़की को नई जिंदगी दी। तालकटोरा निवासी ममता गौड़ गुर्दे की लंबी बीमारी से पीड़ित थी। रोगी वर्ष 2021 से उपचार करा रही हैं। वर्ष 2023 से डायलिसिस आरंभ हो गई थी।रोगी को समय के साथ अब किडनी की आवश्यकता हुई। मां पुष्पा देवी किडनी दान करने के लिए तैयार हो गई। दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।किडनी ट्रांसप्लांट की गाइडलाइन के अनुरूप दोनों शल्य चिकित्सा हेतु सही पाए गए। दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को गुर्दा प्रत्यारोपण कर दिया गया। रोगी और दानकर्ता दोनों ही स्वस्थ हैं।ज्ञात रहे कि ट्रांसप्लांट को बढ़ावा देना वर्तमान केजीएमयू प्रशासन की मुख्य नीति है। इसी के चलते माननीय कुलपति केजीएमयू प्रो सोनिया नित्यानंद द्वारा एक ऑपरेशन थिएटर एवं आईसीयू की स्थापना की गई।कुलपति ने सफल शल्य चिकित्सा के लिए समस्त टीम को बधाई दी। आपको बता दें कि किडनी ट्रांसप्लांट में एसजीपीजीआई के नेफ्रोलॉजिस्ट एवं यूरोलॉजिस्ट से सहायता ली गई। यह ट्रांसप्लांट असाध्य रोग के अंतर्गत निशुल्क किया गया जिसमे केजीएमयू यूरोलॉजी विभाग डा विश्वजीत सिंह, डा विवेक सिंह, डा बीपी सिंह, डा मनोज कुमार, डा मोहम्मद रेहान तथा डा कृष्णा भंडारी,निश्चेतना विभाग - मो परवेज, डा तन्मय तिवारी, डा तन्वी भार्गव तथा डा रतिप्रभा,नेफ्रोलॉजी - दुर्गेश पुष्कर, गुलाब झा, डा विशाल पुनिया तथा डा मेधावी गौतम,एसजीपीजीआई सदस्य - डॉ उदय प्रताप सिंह, डा संचित रस्तोगी तथा डा नारायण प्रसाद,वरिष्ठ ओटी तकनीशियन - निशांत, नौशाद एवम वंदनास्टाफ नर्स - प्रिया, श्वेता, योगेश एवम पीयूष शामिल रहे।

## जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बालदिवस



**करछना प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल वीरपुर करछना प्रयागराज में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें टीचरों द्वारा स्टार लगाया गया और बच्चों को मनोरंजन किया गया मेला लगाकर इसमें मुख्य अतिथि डॉ आर पी पांडे डायरेक्टर जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के फीता काटकर उद्घाटन किया इसमें वूमेन वेलफ़ेयर चार्टेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष माननीय कुसुम पांडे जी शोभा द्विवेदी प्रिंसिपल जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल अजय शुक्ला अभिनव शुक्ला राकेश पांडे शालिनी यादव कोमल गौतम शिखा रोहन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया,

## विद्युत लाइन मिंटिनेंस -करछना एवं बरांव सब स्टेशन से 15 से 22 नवंबर तक अतिरिक्त रोस्टिंग

**करछना प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विद्युत सब स्टेशन करछना एवं बरांव में सप्लाई को लेकर आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा 33 हजार लाइन को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं ठेकेदारों द्वारा तार एवं जर्जर पोल बदलने का कार्य किया जाना अति आवश्यक है जिससे उपभोक्ताओं को सही एवं सुचार ढंग से बिजली की आपूर्ति की जा सके जिसको लेकर 15 नवंबर से 22 नवंबर तक आपूर्ति में रोस्टिंग का कार्य चालू किया जाएगा जिसमें उपभोक्ता अपने समय के अनुसार सुबह 10:00 बजे से साइन कल 5 बजे तक की रोस्टिंग विभाग द्वारा की जाएगी इस आशय की जानकारी अवर अभियंता करछना द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाती है कि वह अपने जरूरी कार्य समय पर निस्तारण कर लें जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## खाद् गड्ढ़ा भूमि पर अतिक्रमण पर दो के खिलाफ केस दर्ज

**करछना प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कचरी में सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत गांव के दो लोगों के खिलाफ एसडीएम के निर्देश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है ग्राम सभा कचरी में घाटा संख्या 273 व 425 खाद गड्ढा के नाम पर राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि अंकित है जिस पर गांव के लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था शिकायत पर राजस्व टीम उक्त आक्रमणकारियों से मुक्त कराकर उस पर सरकारी परियोजना आर आर सी सेंटर कूड़ा घर का निर्माण कराया जाने का निर्देश दिया गया था जिस पर अतिक्रमण कारियो की वजह से निर्माण कार्य अवरोध था राजस्व टीम के पैमाईश के बावजूद भी अतिक्रमण कार्यों ने जमीन खाली नहीं किया जिस पर एसडीएम ने निर्देशित किया जिस पर अशोक कुमार पटेल पुत्र राम बहादुर पंकज कुमार पुत्र अशोक कुमार के खिलाफ हल्का लेखपाल विपिन कुमार की तहरीर पर करछना थाने में मामला पंजीकृत कराया गया है।

## घर के बाहर बर्तन धूल रही युवती को उठा ले गया पड़ोसी युवक

**प्रयागराग, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार थाना कौंधियारा क्षेत्र में बुधवार को क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक युवती को पड़ोस का ही रहने वाला एक युवक पास में स्थित सरसों के खेत में उठा ले गया। किशोरी सुबह-सुबह घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थी। युवती के शोर मचाने पर पहुंचे स्वजनो ने युवक से किशोरी को बचाया। युवक गाली देते हुए भाग गया, जिसे कुछ ही दूर पर युवती के स्वजनों ने पकड़ लिया। जानकारी होने पर युवक के घर के आधा दर्जन लोग आकर युवक को छुड़ा ले गए। युवती के पिता ने युवती के साथ सुबह 7 बजे थाने पर पहुंच कर शिकायती पत्र दिया है। पुलिस आरोपी को पकडकर थाने ले गई लेकिन दुसरे दिन गुरुवार की शाम तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। युवती के पिता ने बताया कि पुलिस युवक के रिस्तेदारो के साथ सुलह का दबाव बना रही है। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है उप निरीक्षक को जांच के लिए भेजा गया था,आज(गुरुवार) उप निरीक्षक की ड्यूटी प्रयागराज में है। जांच करने के बाद कार्यवाही की जाएगी उप निरीक्षक का नाम पूछने पर प्रभारी निरीक्षक नहीं बता सके।

## धूम धाम से मनाया गया चाचा नेहरू का जन्मदिन



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाल विद्या मंदिर बालिका विद्यालय करमा में बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाल दिवस के मौके पर बच्चों ने स्टॉल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया। स्कूल में लगाए गए स्टॉल में अभिभावकों तथा शिक्षकों ने भी खरीदारी की है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाया गया।चाचा नेहरू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित गए है। बाल मेले में बच्चों के स्टॉल में पूड़ी सब्जी , गुब्बारे, स्नैक्स , खिलौने, कॉपी किताब , झूला आदि के स्टॉल लगाए गए।इस अवसर पर प्रधानाचार्या सबा खान व प्रशासक शाहिदा किरमानी व शिक्षक मौजूद रहे।

# वन नेशन-वन इलेक्शन की बात करने वाली भाजपा एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा पा रही : संजय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। प्रयागराज में यूपीपीएससी और आरओ/एआरओ परीक्षा से संबंधित छात्रों के प्रदर्शन के दौरान गुरुवार की सुबह यूपी पुलिस द्वारा छात्रों को घसीटने की घटना सामने आई, जिससे आंदोलन और बड़ा हो गया है। इस पर आम आदमी पार्टी के सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह ने अपना बयान जारी करते हुए भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की है।

संजय सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएँ अपनी जायज मांगो को लेकर अहंकारी सत्ता और आयोग के कानों तक अपनी आवाज़ पहुँचाने के लिए सड़कों पर हैं, लेकिन यूपी पुलिस ने उनके साथ बर्बरता से पेश आकर उन्हें घसीटा और दबाव डाला। सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की बात करती है, लेकिन उसी पार्टी के नेता यूपीएससी, आरओ और एआरओ परीक्षाओं को एक दिन में कराने की मांग करने वाले बेरोज़गारों को सड़क पर पीट और घसीट रही हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी नफ़रत की राजनीति से लोगों की ज़िंदगी को तबाह कर रही है और उन बेरोज़गारों को भूल रही है, जो हिंदू हैं और इस बेरोज़गारी की मार को झेल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंधभक्त भाजपा के लिए गालियाँ देते हैं, लेकिन वे यह नहीं समझते कि बेरोज़गारों के दर्द और उनकी स्थिति से वे भी प्रभावित हो रहे हैं।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह भाजपा सरकार की नीतियों का परिणाम है, जहाँ रोजगार के अवसर न के बराबर हैं और बेरोज़गारों की आवाज़ दबाने के लिए बल प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को इस आंदोलन से कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन छात्रों का संघर्ष सही है और उनकी मांगें पूरी होनी चाहिए। वहीं, दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी यूपी मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने प्रयागराज में छात्रों के आंदोलन के संदर्भ में योगी सरकार को जमकर घेरा। कहा कि योगी सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एक वीडियो जारी करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में दरोगा भर्ती से लेकर, 2024 में यूपी पुलिस तक, यूपी में लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हुआ है।

# महाकुम्भ में यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज बार्क की मदद से करेगा 3 अस्थायी एसटीपी का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। सीएम योगी के स्वच्छ एवं स्वस्थ महाकुम्भ के ध्येय को सफल बनाने की दिशा में यूपी जल निगम नगरीय महाकुम्भ के लिए 3 अस्थायी एसटीपी का निर्माण कर रहा है। ये एसटीपी जल निगम राष्ट्रीय संस्था बार्क की मदद से लगभग 3.60 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे हैं। ये तीनों एसटीपी महाकुम्भ क्षेत्र के सारे वेस्ट और नाले के पानी का निस्तारण करेंगे। ये एसटीपी बार्क की एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी पर आधारित हैं जो स्वच्छ महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करेगा।

यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज पूरे महाकुम्भ में पानी की सप्लाई के साथ साथ अस्थाई शौचालयों की सफाई व गंदे नालों के पानी के ट्रीटमेंट का कार्य भी कर रहा है। यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर आशुतोष यादव ने बताया कि जल निगम, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, बार्क की मदद से महाकुम्भ में 3 अस्थायी एसटीपी बना रहा है। ये तीनों एसटीपी महाकुम्भ के दौरान करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के वेस्ट और गंदे नालों के पानी को ट्रीट करेंगे। ये अस्थायी एसटीपी बार्क की एचजीएसबीआर टेक्नालॉजी से काम करेंगे। एचजीएसबीआर, बार्क की हाइब्रिड ग्रैन्युलर एसबीआर ट्रीटमेंट तकनीक है जो विशेष तौर पर घरेलू और आद्योगिक वेस्ट वॉटर को ट्रीट करती है।

एचजीएसबीआर टेक्नोलॉजी आधारित एसटीपी आसानी से वेस्ट वॉटर को ट्रीट कर उसके बीओडी, सीओडी लेवल को 30 से कम के स्तर पर ले आते हैं। जिसके बाद ये ट्रीटेड पानी सिंचाई, धुलाई आदि के अन्य कार्यों में या नदी में डाला जा सकता है। साथ ही ये तकनीक वेस्ट वॉटर का जैविक उपचार भी करती है जिससे गंदे पानी में पनपने वाले वायरस और बैक्टीरिया समाप्त हो जाते हैं। महाकुम्भ में पहली बार इस उन्नत तकनीक के एसटीपी प्लांट लगाए जा रहे हैं।

# क्लास मेट साथी ने पैसे के लिए दोस्त की हत्या कर शव को नदी में बहाया

❒ पुलिस टोंस एवं गंगा नदी में शव बरामद करने में असफल रही



कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज। आज कल यकीन एवं विस्वास करने का भरोसा टूट चुका है ऐसा ही एक मामला करछना थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले दो दोस्तों में पैसे वापस न लौटाने पड़े इस लिए अपने अजीत साथी क्लासमेट का पहले फोन कर बुलाया उसके बाद उसका अपहरण कर हत्या कर शव का हाथ पैर रस्सी से बांध कर कटका रेलवे बृज से नीचे टोंस नदी में फेंक दिया पीड़ित परिजनों ने नामजद तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर चार दिन तक थाने में बिठा कर पूछताछ करती रही चार दिन बाद सीडीआर डिटेल्स आने से आरोपी को पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हो गया तब जाकर करछना पुलिस पांच दिन बाद आरोपी विजय मौर्या निवासी गांव बरदहा थाना करछना प्रयागराज व हत्या में शामिल दो और लोगों के खिलाफ अपहरण हत्या का संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत लिया। मृतक सूर्यमणि यादव 28 वर्ष के पिता लालजी यादव निवासी गांव बसरिया थाना करछना ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है कि उसके लड़के से सूर्यमणि यादव से आरोपी ने 2.98 लाख रुपए उधार लिया था जिसको लौटाना न पड़े इसलिए आरोपी ने अपहरण कर उसकी हत्या कर शव को टोंस नदी में बहा दिया, वहीं पुलिस घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद नदी में शव बरामद करने में असफल रही है, मामले को गम्भीरता से लेते हुए सांसद उज्जवल रमण सिंह करछना थाना जाकर थाना प्रभारी को 24 घंटे के अंदर सभी आरोपी एवं शव को बरामद किए जाने का अल्टीमेटम दे दिया है वहीं मृतक का शव बरामद न होने से परिजनों का आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# बाल दिवस विशेष में छात्रों ने भ्रमण कर जाना खेलकूद का महत्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज गुरुवार को जीएस अकादमी विद्यालय धरवारा के दो सौ छात्र एवं छात्राओं ने स्कूल बस में सवार होकर भ्रमण किया भ्रमण के दौरान विकास खंड करछना में एडीओ आई एस बी उदय भान? एवं बीओ संतोष सिंह ने गांवों में किस तरह से योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु यथोचित जानकारी दी तथा खेलकूद के बारे में बीओ संतोष सिंह ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य है आजकल की शिक्षा के साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि पढ़ोगे खेलोगे तो बनोगे नवाब पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद का महत्व इस जमाने में बहुत आगे निकल गया है छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी अभ्यास करना चाहिए जिससे उनके करियर में बढ़ोतरी होगी भ्रमण के दौरान उपस्थित 200 छात्रों ने ब्लॉक परिसर में घूम कर विकास से संबंधित और जानकारी से रुबरु हुए और अधिकारियों से ज्ञानवर्धन प्राप्त किया इसके बाद छात्र शिक्षक एवं शिक्षिकाओं और निदेशक विनय प्रताप सिंह के साथ बस द्वारा शहर के प्रयागराज के विभिन्न दार्शनिक स्थलों का भी जायजा लेकर ज्ञानवर्धन अर्जित किया।

भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रबंधक विनय प्रताप सिंह नीतू सिंह शिल्पी सिंह गायत्री पांडे नेहा संजू मिश्रा अलका त्रिपाठी शिवानी पांडे एसपी सिंह विशाल राहुल राणा मोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं बाल दिवस पर भ्रमण के दौरान ज्ञान अर्जित किया ।


**उत्तर रेलवे**

**ई- ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल- वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | MSS-LKO-PYGS-MaChr-75-24-1 (Misc Static-Services-Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 14.11.2024 3544/2024

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# द विश्रामम स्कूल बीकेटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी । द-विश्रामम स्कूल बीकेटी में गुरुवार को बाल दिवस के मौक़े पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।बच्चों ने अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया,जिसे देखकर कार्यकम में उपस्थित मुख्य अतिथि सुनील बाहुबली (मध्य प्रदेश पुलिस तथा स्टंट मैन,बॉलीवुड एक्टर) तथा उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।कार्यक्रम की शुरुआत शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गीतों से हुई,जिसमें छोटे बच्चों ने अपनी अद्वितीय कला का प्रदर्शन किया।बच्चों ने खाने पीने के स्टाल भी लगाए व बेहद लजीज,स्वादिष्ट भोजन प्रस्तुत करके अपनी पाक कला का लोहा मनवाया,बालकों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, रंगारंग खेल और साहित्यिक गतिविधियाँ शामिल थीं।बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कड़ी मेहनत और उत्साह का परिचय दिया।खास तौर पर नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियों ने बालकों के भीतर छिपी कला को उजागर किया,और उन्होंने इसे मंच पर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता और शिक्षकगण भी उपस्थित थे,जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।इसके अलावा, कार्यक्रम में शैक्षिक गतिविधियों जैसे कविता पाठ,कहानी और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया,जहाँ बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और सोच की क्षमता को दिखाया।इस खास दिन को और भी यादगार बनाने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और उपहार दिए गए।बाल दिवस के इस उत्सव में बच्चों ने यह साबित कर दिया कि वे न केवल भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं, बल्कि समाज की प्रगति में भी अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।यह कार्यक्रम बच्चों के अधिकारों और उनके उज्जवल भविष्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक अहम कदम साबित हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री शिवसागर यादव जी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं शिक्षा के प्रति जागरूक, कर्मठ एवं निष्ठावान होने का संदेश देते हुए बच्चो का मार्गदर्शन किया।

# पंचशील शान्ति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में बाल मेले का आयोजन, हुई प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर हरदोईया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिता एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। इंटर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में बाल मेंले का आयोजन किया गया , जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के खाने पीने के स्टॉल ,खिलौने की दुकानें तथा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया । इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं म्यूजिकल चेयर, खो -खो, दौड, रस्सा कसी (बालक एवं बालिका वर्ग) इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रस्सा-कशी बालक वर्ग में विवेकानंद हाउस के छात्रों ने और बालिका वर्ग में सुभाष हाउस के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रेम शंकर अवस्थी, उप प्रधानाचार्य मिथिलेश तिवारी, देशबंधु मिश्रा शैलेंद्र त्रिवेदी , तरुण कुमार, दुर्गा प्रसाद साहू ,राम सागर,हरीश द्विवेदी , आशीष सिंह, वी एन मिश्रा, अनुराग तिवारी , आशीष सिंह, नज़मुश शहर, शैलेन्द्री सिंह, प्रियंका सिंह शहर आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# 15 हजार रुपए का इनामिया शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ । मोहनलालगंज पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से 15 हजार रुपए के इनामियां फरार शातिर बाइक चोर को गुरुवार गिरफ्तार कर चोरी की तीन बाइक तथा 7 हजार रुपए की नगदी बरामद की है। गिरफ्तार शातिर बाइक चोर को पुलिस ने जेल दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश यादव ने कल्ली पश्चिम स्थित अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से मोहनलालगंज पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को अतरौली रिंग रोड पर मऊ मोड़ के पास से गिरफ्तार किये गये जनपद बहराइच थाना कोतवाली नगर चांदपुर गोस मंडी निवासी 24 वर्षीय आरिफ उर्फ भूरे उर्फ खुशनवाज की निशान देही पर तीन चोरी की बाइक , 6980 रुपए नगद बरामद हुए। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरिफ पर अंतर्जनपदीय थाना क्षेत्रों में अलग-अलग 14 मुकदमें दर्ज है बीते 28 जुलाई 2024 को बाइक चोरी के मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने आरिफ के दो अन्य साथी नागेंद्र गौतम तथा प्रकाश उर्फ बाबादीन को गिरफ्तार कर 10 चोरी की बाइक बरामद कर जेल भेज दिया था लेकिन उस गिरफ्तारी के दौरान आरिफ मौके से फरार हो गया था। एसीपी रजनीश वर्मा की संस्तुति पर डीसीपी दक्षिणी ने फरार शातिर चोर आरिफ की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया था। जिसकी तलाश में सर्विलांस तथा मोहनलालगंज पुलिस टीम लगी हुई थी। गिरफ्तार किए गए मास्टरमाइंड शातिर बाइक चोर आरिफ को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# विद्यालय में रही बाल दिवस की धूम बच्चों ने खेल खेले जीते ईनाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में गुरुवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया , बच्चों ने खूब धमा चौकड़ी मचाई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर बच्चों ने बटोरे पुरस्कार मोहनलालगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा में आज बाल दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बताया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों ने पुष्प अर्पित किए तथा केक काट कर चाचा नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया ।बाल दिवस के अवसर पर आज विद्यालय में अल्फा होम ट्यूटोरियल (टीचर आपके घर पर) के संस्थापक अनुपम पटेलऔर अतुल भारद्वाज तथा अन्य सदस्य आनंद सिंह,जितेंद्र साहू तथा सौरभ द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे इन आउट, म्यूजिकल चेयर, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, अनुमान लगाना निशाना लगाना आदि प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया साथ ही विद्यालय के समस्त बच्चों को उपहार में उनकी जरूरत की स्टेशनरी वितरित की गई साथ ही चिप्स व चाकलेटआदि मनपसंद पुरस्कार पाकर बच्चों ने विद्यालय में धमा चौकड़ी मचा दी । प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने सभी सदस्यों का हार्दिक आभार प्रकट किया । इस अवसर पर वंदना यादव विशेश्वर राम कुमारी जगदेई बबली रामसागर सहित अभिभावक भी मौजूद रहे । उधर बेसिक विद्यालय करोरा के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार ने बताया कि आज विद्यालय में बाल मेला लगाया गया था जिसमें विभिन्न प्रकार की दुकानों के साथ-साथ खेलकूद का भी आयोजन किया गया था विजई प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा साथ ही सभी बच्चों को चिप्स मिष्ठान वितरित किए गए । इस अवसर पर सुधीर सिंह कमलेश भारती अनूप कुमार नीरज सिंह नीलम शालिनी सिंह शिक्षा पांडे सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे ।

## उत्तर प्रदेश में 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई धान की खरीद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खरीफ क्रय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत एजेंसियों द्वारा अब तक 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हो चुकी है। वर्ष 2023-24 में 13 नवंबर तक एजेंसियों द्वारा 2.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी यानी इस वर्ष 65820 मीट्रिक टन अधिक धान की खरीद हो चुकी है। किसानों को अब तक 543 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। यह दावे बताते हैं कि विपक्ष हकीकत से दूर है और उसके दावे हवाहवाई हैं। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जनपदों व खाद्य-रसद विभाग के आलाधिकारी क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण भी कर रहे हैं। सीएम के निर्देश पर किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी किया जा रहा है। इस समय तेजी से धान खरीद हो रही है। खाद्य विभाग, पीसीएफ, यूपीएसएस, यूपीपीसीयू, मंडी परिषद व केंद्रीय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम एजेंसियों द्वारा पिछले वर्ष 2023-24 तक 13 नवंबर की अवधि में 2.20 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी, जो इस वर्ष 65820 मीट्रिक टन बढ़कर 2.86 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो चुकी है।

# जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नगराम, लखनऊ। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर बच्चों के मनोरंजन और खुशी के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम विद्यालयों में आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली लखनऊ में बाल मेला, जादू, कठपुतली आदि कार्यक्रम माननीय विधायक श्री अमरेश रावत की गरिमामयी उपस्थिति में कराये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमरेश रावत द्वारा मां सरस्वती के चित्र तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। विधायक अमरेश रावत का स्वागत प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। भाजपा के जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा इस विद्यालय के वर्ष 1985-86 के छात्र रह चुके हैं जिनका सम्मान प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया। विद्यालय के पूर्व शिक्षक जेपी वर्मा द्वारा रचित काव्य संग्रह निर्झरणी का लोकार्पण एवं विमोचन विधायक द्वारा किया गया। विधायक अमरेश रावत द्वारा बाल मेले का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया एवं प्रत्येक स्टॉल पर जाकर बच्चों को उत्साहित किया गया। विधायक जी को बच्चों के बैठने की समस्या के समाधान हेतु नए कक्षों की आवश्यकता के बारे में अवगत कराया गया। अपने संबोधन में विधायक अमरेश रावत ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत बन रहे नए 6 कमरों एवं सीढ़ी के नवनिर्माण हेतु विद्यालय अंशदान में 10 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भाव नृत्य प्रस्तुत किए गये।चाचा नेहरू पर आधारित कविताओं को सुनाया गया। विद्यार्थियों ने करतब दिखाये। बच्चों द्वारा

### भाजपा विधायक ने फीता काट शुरू कराया बाल मेला

बाल मेला में 25 विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये थे जिसमें खाद्य सामग्रियों जैसे चाऊमीन, गोलगप्पे, टिक्की, मटर, बताशा, केला, बैलून शूटिंग,कच्चे चने, सिंघाड़े की गूदी,पाप कार्न आदि थे। कुछ स्टॉल कॉस्मेटिक, फुटवियर और अन्य घरेलू सामग्रियों के थे। बाल मेला में एयरगन द्वारा बैलून शूटिंग का स्टाल भी था। लंच बाद बच्चों को जादू शो एवं कठपुतली का नृत्य दिखाया गया जिसका बच्चों ने खूब तालियां बजाकर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य राज बहादुर वर्मा, अवध बिहारी एवं पूर्व शिक्षक जेपी वर्मा, कल्लूराम वर्मा ,शंभू दत्त, विजय बहादुर, यशवंत सिंह, विजय प्रकाश एवं वर्तमान सभी शिक्षक और कर्मचारियों तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## टायर फटने से बस जलकर हुई राख ,बाल-बाल बचे यात्री



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईंगंज पुर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। क्षेत्र के गांव शहजादे पुर के दिल्ली से आजमगढ़ जा रही बस का टायर फट गया इसी के साथ बस आग की लपटों में तब्दील हो गई।बस में 42 यात्री सवार थे। ड्राइवर कंडक्टर की सूझबूझ से सभी यात्रियों को समान सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने सभी यात्रियों को दूसरी बस से सकुशल निर्धारित मंजिल की ओर रवाना कराया।

## सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज में लगा बाल मेला, हजारों की खरीदारी



नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम क्षेत्र के लक्ष्मण पुर स्थित सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने फीता काट कर बाल मेले का शुभारम्भ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बाल दिवस व मेले के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने लगभग तीन दर्जन दुकानें लगाईं गई जिसमें पानी पूरी, चना, फिंगर, समोसे, मोमोज व चाउमिन, ब्रेड पकौड़ा, पकौड़ी आदि की दुकानें लगी थी , बताया कि इस बाल मे लगभग 25 हजार रुपए की खरीदारी हुई। इस मौके पर समस्त शिक्षक गण व छात्र-छात्राओं समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों ने मनाया नेहरू जी का जन्मदिन



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी के हसनपुर खेवली स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को चाचा नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर तथा केक काट कर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर बच्चों ले बाल मेले में खूब मौज मस्ती की। इस मौके पर पूर्व प्रधान दिनेश पाल , सूरज पाल शिक्षिका कुम्भी कनौजिया अंजना यादव, ने बच्चों को चाचा नेहरू के बारे में बताया। बच्चो के प्रति उनका प्रेम अनवरत था ।

# जनता के सहयोग से पकड़े गये मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने जनता के बुधवार को जनता के सहयोग से पकड़े गये मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जबकि फरार दो लुटेरों की गिरफ्तारी के किये टीमें गठित कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम शेखनापुर के रहने वाले आशीष यादव गांव के पास स्थित मारुति सुजुकी के शोरूम के पास थे तभी पल्सर बाइक पर सवार तीन लोग उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग रहे थे।जिसपर आशीष व उसके भाई शुभम ने बाइक सवार लुटेरों का पीछा किया और गुमटी नम्बर 5 के पास उन्हें पकड़ लिया।जहां से एक लुटेरों को तो इन लोगों ने पकड़ लिया जबकि उसके दो अन्य साथी बाइक सहित फरार हो गए।इसके बाद पीड़ित उस लुटेरे को लेकर थाने पहुंचा गया।जहां पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास दो फोन बरामद हुए।जिनमें से एक फोन तो पीड़ित आशीष का था जबकि दूसरा फोन घुसकर के रहने वाले अमन का था जो लुटेरों द्वारा कस्बा गोसाईगंज स्थित सांई मन्दिर के पास से छीना गया था। पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में लुटेरे ने अपना नाम दिनेश कुमार गौतम निवासी चंद्रावल नटकुर थाना बिजनौर बताया।फरार अभियुक्तों के बारे में बताया कि पल्सर मोटर साइकिल चालक अरुण निवासी दारोगाखेड़ा थाना बन्थरा लखनऊ है जबकि बाइक पर बैठकर फरार हुआ तीसरा अभियुक्त सोनू निवासी कबीरपुर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त दिनेश कुमार गौतम के विरुद्ध पूर्व में भी बिजनौर थाने में एक मुकदमा पंजीकृत है।इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार अभियुक्त दिनेश कुमार गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।वहीं फरार हुए अन्य दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# एन.एस.सी. एकेडमी इंटर कालेज में बच्चों ने लगाया मेला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के यूसुफ नगर बगियामऊ स्थित एन.एस.सी. एकेडमी इंटर कालेज के बच्चों ने गुरुवार को चिल्ड्रन डे के मौके पर बच्चों ने बाल मेले का आयोजन किया गया। एक ओर बच्चों ने जहां मेले का लुप्त उठाया वहीं दूसरी ओर प्रतियोगिता में भाग लेकर खूब मस्ती की। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार यादव द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। उन्होने बच्चों को बताया कि इंसान का पूरा जीवन प्रतियोगी परीक्षाओं की तरह सफलता व असफलता के बीच चलता रहता है। सफलता आपको आगे बढ़ाती है और असफलता आपको सीख देती है। असफलता से हमे घबराना नही चाहिए। उससे सीख लेकर सफलता के लिए दोबारा प्रयास करना चाहिए। पूरा दिन बच्चों ने मेले में मौज मस्ती की।

## बाराबंकी व बंथरा पुलिस ने संयुक्त प्रयास से अवैध गांजा सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार



बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र स्थित प्रधान ढाबा के पास से बुधवार को बंथरा पुलिस ने बाराबंकी जिले के एएनटीएफ थाना पुलिस के सहयोग से बड़ी मात्रा में गांजे की खेप सहित दो अवैध गांजे के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक थाना बंथरा नरेंद्र कुमार कनौजिया के अनुसार बाराबंकी जनपद स्थित एएनटीएफ थाने के उप निरीक्षक पुरुषोत्तम विश्वकर्मा को उनके मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बंथरा क्षेत्र में अवैध गांजा तस्करों द्वारा गांजे की बड़ी खेप को अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है जिस पर बाराबंकी के उक्त थाना पुलिस के उप निरीक्षक द्वारा विश्वास कर मय पुलिस बल के साथ बंथरा क्षेत्र के उस संदिग्ध स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करने के साथ बंथरा पुलिस को सूचना दी गई इसके बाद बंथरा पुलिस ने भी जब मुखबिर के बताए स्थान प्रधान ढाबा के पास पहुंचकर घेराबंदी की तो एक डिजायर कार में दो संदिग्ध लोगों को पड़कर जब पूछताछ की गई तो उनके पास से 91.335 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बाराबंकी पुलिस के उप निरीक्षक की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने दोनों गांजे के अवैध तस्करों अंकित सिंह कुर्मी पुत्र विमलेश चंद्र सिंह निवासी मोहम्मद आदर्श नगर थाना कोतवाली नगर जनपद उन्नाव व नितेश यादव उर्फ मनीष पुत्र धर्मेंद्र यादव निवासी ग्राम विशंभर पुर थाना विशंभर पुर जिला गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय के लिए भेज दिया है।

# जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर माल्यार्पण कर किया गया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता





महमूदबाद । बाल दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों में सोमवार को कार्यक्रमों का आयोजन कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की जयंती उत्साह व उल्लास के साथ मनाई गई। इस क्रम में जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पं. नेहरू की संस्था प्रांगण में बनी तस्वीर पर संस्था के प्रधानाचार्य सी0 पी 0 त्रिपाठी जी सहित समस्त स्टांप ने किया। इनलोगों ने नेहरू जी की बहुमुखी प्रतिभा, कार्य करने की शैली, प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास में किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि वे शांतिदूत थे। इसके साथ ही इनलोगों ने उनके जीवन से संबंधित कई प्रेरक प्रसंगों की चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को उनके बताए मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य वेद श्रीवास्तव ने बताया की वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए हमें उनके मूल मंत्र कठिन संघर्ष से प्राप्त संप्रभुता को बचाए रखना, क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना और तेज़ रफ्तार से आर्थिक विकास करना जैसे विचारो को अपने नित नित्य जीवन में उतारने की आवश्यकता है जिस तरह बच्चों के प्रति नेहरू के इस स्नेह भाव के कारण बच्चे भी उनसे बेहद लगाव और प्रेम रखते थे और उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश का उचित मार्गदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए हमें सभी बच्चों की शिक्षा की तरफ ध्यान देना चाहिए। बच्चों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा उठाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय इन्हें स्वस्थ, निर्भीक और योग्य नागरिक बनाने का हरसंभव प्रयास करता है। इस मौक़े पर संस्था परिवार प्राचार्य वेद श्रीवास्तव , मामून आलम, मिथिलेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# हर लक्षित दंपति को मिले परिवार नियोजन की सेवाएं: डॉ. संजय गौड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। देश की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। कुछ स्वयं सेवी संस्थाएं भी जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में काम कर रही हैं। इसी को देखते हुए ऐलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मोवियस फाउंडेशन व पॉपुलेशन ऑफ इंडिया के द्वारा उम्मीद परिवार नियोजन परामर्श केंद्र की स्थापना की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय गौड़ ने फीता काट कर इस परामर्श केंद्र उम्मीद का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उम्मीद परियोजना का संचालन जिले में परिवार नियोजन की सेवाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य हर इच्छुक दंपति को परिवार नियोजन की मनपसंद सेवाएं प्रदान करना और अधिक से अधिक लोग परिवार नियोजन के साधनों का लाभ प्रदान करना एवं है। परिवार कल्याण के क्षेत्र में गुणवत्तापरक सेवाओं में वृद्धि एवं विस्तार करना है। सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को पुरुष नसबंदी की और ध्यान देना चाहिए। पीएफआई संस्था की प्रतिनिधि पूर्णिमा ने संस्था के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले की आशा कार्यकर्ताओं एवं सेवा प्रदाताओं को उम्मीद परियोजना द्वारा बनाई गई परिवार नियोजन से संबंधित किट का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा पीएफआई संस्था के द्वारा जिले के दोनों चिकित्सालयों, जिले की नौ सीएचसी एवं पीएचसी पर उम्मीद परामर्श केंद्रों का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह जिले का दूसरा उम्मीद परामर्श केंद्र है। इससे पूर्व परसेंडी खैराबाद और कसमंडा सीएचसी पर उम्मीद परामर्श केंद्र शुरू किए जा चुके हैं। इस मौके पर डॉ. नीतेश वर्मा, बीसीपीएम स्मृति शुक्ला, स्टाफ नर्स वंदना अवस्थी, पूजा यादव, एएनएम मीना देवी, पदमा दीक्षित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया चयन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित, जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डी0एल0ई0सी0) के द्वारा दिनांक- 14.11.2024 को एन0आई0सी0 कक्ष सीतापुर में रु0-10,000 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यन्त्रों/कृषि रक्षा उपकरणों, के लाभार्थियों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से कराया गया। जनपद के कुल 19 विकास खण्डों में लक्ष्य के अनुरूप विकास खण्डवार चयन हेतु 98 चरणों रोटावेटर, हैरो, कल्टीवेटर, पोटैटो डिगर, लेजर लैण्ड लेवलर, पोटैटो प्लान्टर, स्मॉल राइस मिल, पैडी/मल्टी कॉप थ्रेशर, पावर वीडर, पावर, रीपर, पावर चौफ कटर, ट्रैक्टर माउण्टेड पॉवर स्प्रेयर, कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं स्मॉल गोदाम, आदि 14 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान के लाभ के लिये पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। मौके पर उपस्थित किसान श्री ललित सिंह निवासी ग्राम सैदापुर विकास खण्ड सकरन की पत्नी श्रीमती चित्रा सिंह का चयन कृषि यंत्र ई-लॉटरी में होने पर प्राप्त विभागीय चयन का संदेश मोबाइल पर मिलने से वह अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिये किसानों में खुशी का माहौल देखने को मिला, किसानों द्वारा ई-लॉटरी प्रक्रिया को सराहा गया। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा बताया गया कि प्रदेश में पहले आओ, पहले पाओ की व्यवस्था को समाप्त करते हुये ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का चयन किया गया है इससे जनपद के सभी किसानों को यंत्रों पर अनुदान पाने का समान अवसर प्राप्त होगा और यंत्र बुकिंग के समय सर्वर व्यस्त होने सम्बन्धी परेशानियों से निजात मिल सकेगी। ई-लॉटरी के समय समिति के सदस्यों सहित विभिन्न विकास खण्डों के यंत्र बुकिंग करने वाले किसान बंधु उपस्थित रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर कंपोजिट में बाल दिवस के अवसर पर विविध प्रकार के आयोजन किये गए आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर कंपोजिट में आज दिनांक 14/11/24 को बाल दिवस के अवसर पर विविध प्रकार के आयोजन किए गए। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल प्रस्तुत कर उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षाओं द्वारा सभी बच्चों को काफी व कलम का उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं व अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार वितरण की व्यवस्था की गई सभी बच्चों को मिष्ठान आज की व्यवस्था भी की गयी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम प्रसाद यादव ने सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश जायसवाल ने बाल दिवस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जय प्रकाश निगम, प्रवीण कुमार ,सोनम सिंह,सरोज कुमार, सुखदेव सिंह,अभिषेक वर्मा, मो.मेराज, धीरेन्द्र राठौर, जया कुशवाहा, नमिता गुप्ता, सगीर अहमद,सर्वेश वर्मा, वीरेश कुमार, स्मृति सिंह, रोहित शुक्ल,प्रशांत शुक्ल, गोविन्द प्रसाद, हेमलता सिंह,सरिता मौर्या, शशि देवी, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## झरेखापुर मण्डल में संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का हुआ आयोजन



झरेखापुर (सीतापुर) । कैनविज टाइम्स संवाददाता विधान सभा हरगांव के झरेखापुर मंडल मे विद्यादीप स्कूल मे सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव को लेकर झरेखापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला मे भाजपा संगठन के जिला चुनाव अधिकारी नागेन्द्र गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने हरगांव जाते समय कार्यशाला मे पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।मंडल चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र पुरी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संगठनात्मक चुनाव के बारे मे विस्तार से बताया। बैठक मे पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता,पूर्व मण्डल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह,रोहित मिश्रा, रामसेवक सिंह,भाजपा नेता अनुज शुक्ला, श्रवण वर्मा,पंकज पांडेय,पप्पू सिंह,आलोक सिंह सहित सभी मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के बड़े भाई की मृत्यु से छाई शोक की लहर



**खैराबाद सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता** । पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजसेवी अभिषेक गुप्त के बड़े भाई अखिलेश गुप्त 60वर्ष की आज लखीमपुर में मृत्यु हो जाने पर नगर पालिका सहित खैराबाद में शोक की लहर दौड़ गयी।इस अवसर पर इंदिरा पार्क में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद सभासद समाजसेवी तथा नागरिकों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। तथा परिवार को अपार सहनशक्ति देने की प्रार्थना प्रभु से की। इस अवसर पर वार्ड सभासद राकेश आलोक बाजपेई एके मिश्रा अरविंद मिश्रा बृजेश मिश्रा अवधेश मिश्रा कमलेश चंद गुप्ता नीरू उदयभान सिंह चौहान राकेश चंद्र गुप्ता सुशील गुप्ता प्रदीप गुप्ता सोमेन्द्र तिवारी बलराम कृष्ण पाण्डेय विनीत शर्मा आदि मौजूद थे।

## खनन माफियाओं पर खनन अधिकारी ने दर्ज कराया मुकदमा।

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामकोट अन्तर्गत ग्राम धनईखेडा में जिला खनन अधिकारी ने बीती रात्रि दिनांक 6.11.24 को खनन की सूचना मिलने पर निरीक्षण हेतु गई थी। वहां पर स्वीकृत गाटे के अलावा अन्य गाटा संख्या से रात्रि में खनन किया जा रहा था। वहां पर उपस्थित ठेकेदार द्वारा जिला खनन अधिकारी से बदतमीज की मोबाइल तोड़ दिया उनके हमराही का भी मोबाइल तोड़ दिया गया। जिला खनन अधिकारी सीतापुर द्वारा थाना रामकोट में 191(2) 19022322113274352351 (2) 115 (2)324 (2) 121 (1) खनन माफियाओं पर अरजीत शुक्ला उर्फ छोटे भैया पुत्र अज्ञात दिवाकर पुत्र चन्द्रिका प्रसाद भगवानपुर सहसापुर तीसरा व्यक्ति अज्ञात है के खिलाफ सुसंगत धाराओं में थाना रामकोट अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सीतापुर जनपद के बहुत बड़े खनन का कार्य किया जा रहा है।

## अधिकारी से की गई अभद्रता

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी से सटे जिले में सुरक्षित नहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिला अफसर सुर्खियों में रहता है सीतापुर मुख्यालय से सटे इलाके का खनन, जांच करने पहुंची अधिकारी से की गई अभद्रता खनन माफियाओं ने महिला अधिकारी पर बोला हमला खनन अधिकारी का तोड़ा मोबाइल की अभद्रता,धक्का मुक्की और छेड़छाड़ का भी आरोप मामलें में थाना प्रभारी द्वारा बताया गया है कि दिनांक 06.11.24 के प्रकरण में थाना रामकोट पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में टीम गठित कर विस्तृत जांच एवं कार्यवाही की जा रही है।

## ऋण अदायगी न करने वाले कर्जदार किसानों पर चला प्रशासन का चाबुक

सकरन(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। ऋण अदायगी को लेकर प्रशासन के सख्त रुख के चलते क्षेत्र के दो कर्जदार किसानों की जमीन नीलामी प्रक्रिया के जरिए कर्ज अदायगी के लिए औपचारिकताएं की गईं पूर्ण। भारतीय स्टेट बैंक शाखा सांडा से बड़ी रकम कर्ज लेकर न लौटाने वाले क्षेत्र के टहलू पुत्र बांकेलाल निवासी मुराउन पुरवा सोनावा तहसील लहरपुर के बकाया 2522775 रुपये व ब्याज एवं अतिरिक्त चार्ज व मनोहर पुत्र सरजू प्रसाद निवासी सुकेठा बोहरा तहसील लहरपुर जनपद सीतापुर के बकाया 839736 रुपए ब्याज सहित अतिरिक्त प्रभार अदायगी हेतु उपजिलाधिकारी लहरपुर के निर्देश पर संग्रह अमीन आयुष सिंह,ज्ञानेंद्र कुमार व राजेश पाल सहित क्षेत्रीय लेखपाल सत्येंद्र कुमार वर्मा व शाखा प्रबंधक जय प्रकाश राठौर, रिकवरी टीम किरण कुमार मिश्रा मय टीम ने कर्जदारों के खेत पर जाकर आदेश का पालन करते हुए नीलामी प्रक्रिया के तहत झंडी सीमांकन कारित की। अदायगी न करने वाले कर्जदारों के खिलाफ शासन व प्रशासन की सख्ती से उम्मीद जताई जा रही है कि डिफॉल्ट किसान अपना बकाया ऋण अदायगी पर गौर करेंगे अन्यथा की स्थिति में प्रशासन के सख्त रवैये से अन्य बकाएदारों पर जल्द ही ऐसे ही प्रशासन का चल सकता चाबुक।

## राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यो की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 05 वर्ष से अधिक लम्बित राजस्व वादों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने मिश्रिख एवं महमूदाबाद के मण्डी सचिव का वेतन लक्ष्य पूर्ण होने तक रोके जाने के निर्देश दिये। निर्धारित लक्ष्य से कम सैम्पल लेने पर बिसवां क्षेत्र के खाद्य निरीक्षक का जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिये कि लाइसेंस से संबंधित प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित करें। जिन दवा की दुकानों के लाइसेंस निरस्त किये जा चुके हैं, वह किसी भी दशा में संचालित न हों, यह सुनिश्चित किया जाये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर राजस्व विभाग से संबंधित योजनाओं में जनपद को प्रदेश में चौथी रैंक मिलने पर सभी को बधाई देते हुये जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रेरित किया कि आगामी माह में भी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर बेहतर प्रदर्शन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व संबंधित मामले की समीक्षा भी की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन समय से निस्तारित किये जायें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप कर-करेत्तर राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करें। सभी विभागों को प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0 एवं अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जांच आख्या लगाते समय अधिकारी विशेष ध्यान दें एवं जांच आख्या गुणवत्तापूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी नीतीश कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक शाम खाटू वाले के नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का जन्मदिन।**

**सुन्दर भजनों के साथ नाच गाकर काटा गया केक।**

**कलाकारों ने सुन्दर भजनों का बांधा समां**

बिसवां (सीतापुर)। श्री श्याम परिवार बिसवां के संयोजन में निकटवर्ती सत्संग भवन पुरैनी गंज में मंगलवार को श्री खाटू श्याम का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक मयूर वर्मा, सूरज भल्ला, सोनी शर्मा व अम्बर श्रीवास्तव ने देर रात तक अपने सुन्दर सुन्दर भजनों को गाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। देर शाम शुरू हुआ यह कार्यक्रम देर रात तक चला। खाटू श्याम बाबा का फूलों से भव्य दरबार सजाया गया था। बाबा की दिव्य ज्योति जगाई गयी। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने शुद्ध देसी घी और नारियल से सभी ने हवन पूजन कर बाबा से आशीर्वाद मांगा।मस्तक पर रोली लगवा कर अभिषेक कराया। आयोजकों विजय अग्रवाल, पंकज खेतान, अमित सिंघल, विकास सिंघल, नितिन व राजकुमार आदि ने गायक कलाकारों और अन्य उपस्थित संभ्रांत लोगों के गले में बाबा की चूनर डालकर सभी का सम्मान किया। भजन गायक मयूर वर्मा ने ''बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय'' भजन गाकर लोगों को श्याम से जोड़ दिया। भजन गायक सूरज भल्ला ने गाया ''हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा'' जो बहुत सराहा गया। गायिका सोनी शर्मा ने यह भजन गाकर ''साथी हमारा कौन बनेगा बाबा तेरे सिवा'' ने कार्यक्रम में जोश भर दिया। गायक अम्बर श्रीवास्तव ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। अंत में केक काटकर खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन मनाया गया। जैसे ही केक कटा वैसे ही पूरा पांडाल हैप्पी बर्थडे टू श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा लोग अपने स्थानों से उठकर तालियां बजाकर नाचने लगे। प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।इस मौके पर श्याम परिवार पुरैनी गंज के तमाम श्रद्धालुओं सहित भारी संख्या में ठंड के बावजूद श्याम भक्त उपस्थित रहे।

# बाल दिवस समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । बाल दिवस के अवसर पर शिव नाडर फाउण्डेशन ने विकास खण्ड सिधौली के संविलयन विद्यालय जुंधौरा में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष बाल दिवस 2024 का विषय हर बच्चे के लिए हर अधिकार है। इसी अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के कर कमलों द्वारा बाल दिवस समारोह का शुभारम्भ हुआ। उक्त समारोह से आरम्भ बाल जागरूकता अभियान दिनांक 14 नवम्बर 2024 से आरम्भ होकर सीतापुर के चिन्हित 6 विकास खण्डों के 140 विद्यालयों में आगामी 20 नवम्बर 2024 तक वृहद रूप से संचालन होगा। बाल दिवस के दिन बच्चों के लिये अधिगम आधारित विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा लर्निंग एवं न्यूमरेसी अधिगम आधारित गतिविधियों यथा अक्षर दौड़, शब्द दौड़, पेपर क्राफ्ट (ऑरगेमी), समूह नृत्य में सक्रियता से प्रतिभाग किया गया। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उक्त सभी गतिविधियों में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सक्रियता से प्रतिभाग किया। फाउण्डेशन के उप महाप्रबंधक मयंक सिन्हा ने कहा कि उक्त अभियान बच्चों को बाल दिवस के उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति के साथ साथ सीखने का बेहतर अवसर प्रदान करते हुये उनके शैक्षिक एवं सामाजिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि बच्चे किसी भी समाज की मूल नींव और भविष्य होते हैं इसलिये उनका सही मार्गदर्शन एवं पालन पोषण उपयुक्त वातावरण में होना चहिये। बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में बच्चों की शिक्षा, अधिकार और बेहतर भविष्य के लिये जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि शिव नाडर फाउण्डेशन, शिक्षा इनिशिएटिव प्रोजेक्ट के द्वारा बच्चों के शैक्षिक विकास में स्मार्ट क्लास शिक्षण में सहयोग के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर फाउण्डेशन के परियोजना निदेशक रॉबिन सरकार के मार्गदर्शन में बच्चों को सभी विकास आयामों को आत्मसात करते हुये सतत आगे प्रवृत रहने के लिये प्रेरित किया गया। आई0सी0 टी0 पद्धति आधारित शिक्षण से जुड़ने से बच्चें आज की आधुनिक तकनीकि को बखूबी समझ रहें है एवं अपने अधिगम स्तर में वृद्धि रहे हैं।

# गांवों में गंदगी का अंबार प्रशासन का मानने से इनकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जिम्मेदारों की टाल-मटोल बनी जी का जंजाल फोटो खिंचाई से हो रही खानापूर्ति**

सीतापुर(उत्तर प्रदेश)। ब्लॉक सकरन क्षेत्र में इन दिनों सफाईकर्मियों की मनमानी से ग्रामीण क्षेत्रों में चहुंओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां बजबजाती नजर आ रही हैं। जगह- जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। ऐसे में क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। विडंबना तो यह है कि शिकायत के बावजूद समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जहां एक तरफ सरकार की ओर से सफाईकर्मियों की नियुक्ति करके गांव व कस्बों तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की मुहिम चलाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यहां यदि ग्रामीण क्षेत्र के परिपेक्ष में बात करें तो सड़कें कूड़े का ढ़ेर बनी हुई हैं, नालियों ने सड़कों को प्रवाह मार्ग बना लिया है तथा सफाई व्यवस्था पूरी तरह से धराशाही हो चुकी है। ग्रामीणों द्वारा जब सफाईकर्मियों के लापरवाह रवैये के खिलाफ शिकायत की जाती है तो विभागीय अधिकारी हर बार वही रटा रटाया हुआ जवाब कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी, थमा दे रहे हैं। इन दिनों ब्लाक सकरन की ग्राम पंचायत सुमरावां व उसके अंतर्गत आने वाले मजरे ( चांदुलपुरवा, ब्रम्हचारी पुरवा , कुम्हारन पुरवा, घासी पुरवा ) समेत कई अन्य स्थलों को गंदगी व अव्यवस्था ने अपनी चपेट में ले रखा है। यहां गांव के चौराहों पर नालियों का पानी जमा होकर सड़कों पर बह रहा है,जिसमे मच्छरों की संख्या बढ़कर मच्छर जनित रोगों को बढ़ावा दे रही है, बावजूद इसके जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही है। ग्राम पंचायत सुमरावां के ग्रामीणों का आरोप है कि यहां तैनात सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार महीनों बाद गांव में आते तो हैं परन्तु महज फोटो खिंचवाने मात्र के लिए। ग्राम पंचायत में फैली इस अव्यवस्था व सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार के मनमाने रवैए को लेकर ग्राम पंचायत सुमरावाँ निवासी एक ग्रामीण के द्वारा गत दिनांक 28 अक्टूबर को आई जी आर एस पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी (शिकायत संख्या- 40015424074362) जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी अजय कुमार गौतम ने हवा- हवाई जांच कर मनगढ़ंत आख्या रिपोर्ट लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था करवा दी गई है तथा इसके साथ ही उन्हें अन्य कोई अव्यवस्था नजर नहीं आई है।

वहीं मामले को लेकर जब शिकायतकर्ता से बात की गई तो उसने बताया कि शिकायत के संबंध में जांच कब की गई, उसे नहीं पता। शिकायत करता ने यह भी आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी की तरफ से किया जा रहा सफाई का दावा पूरी तरह बे-बुनियाद है।

## गांजर इण्टर कॉलेज तंबौर में बाल दिवस खेल कूद प्रतियोगिता कर मनाया गया

तंबौर सीतापुर। गांजर इंटर कॉलेज तंबौर सीतापुर में 14 नवम्बर 2024 को बाल दिवस के अवसर विद्यालय स्तरीय क्रीड़ा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा कबड्डी,दौड़,खोखो,गोला फ़ेक, भाला फ़ेक आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ/उद्घाटन के मुख्य अतिथि डॉ.देवेंद्र सिंह वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वल,झंडा फहरा कर फीता काटकर किया गया इस अवसर पर विद्यालय उप प्रबंधक अनुराग सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर में ही स्वास्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता स्वास्थ्य शरीर के लिए बच्चो के लिए खेल कूद बहुत ही आवश्यक है खेल से ही बच्चे के शरीर का सर्ववागणीय विकास भी होता है।कालेज के प्रधानाचार्य डॉ.नौशाद अहमद के साथ कालेज का समस्त स्टॉफ दीपक कुमार अध्यापक शारीरिक शिक्षा,प्रदीप कुमार,प्रेम कुमार,सोमकार्तिक सिंह उपस्थित रहकर सभी का आभार व्यक्त किया और छात्र व छात्राओं के जीवन में विभिन्न खेलों का महत्व बताया,प्रधानाचार्य नें अपने सम्बोधन में कहा कि खेलों से केवल शारीरिक व मानसिक विकास ही नहीं होता है बल्कि खेलों के माध्यम से बौद्धिक व्यक्तित्व,भावनात्मक व सामाजिक विकास भी होता है।

# जिलाधिकारी ने मिट्टी कार्यों व श्रमिकों की उपस्थिति का लिया जायजा

## निरीक्षण के दौरान डीएम ने चकरोडों पर मिट्टी कार्यों को मानक के अनुरूप एवं गुणवत्ता परक श्रमिकों से कार्य कराने का दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरुवार को दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत मठिया माफी में मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे मिट्टी कार्यों की गुणवत्ता, श्रमिकों की उपस्थिति के साथ मानव सृजन व उनके भुगतान की स्थिति के सापेक्ष श्रमिकों की उपलब्धता एवं मानक के अनुरूप कराया जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम सभा मठिया माफी में कुल 2 स्थानों पर मनरेगा श्रमिकों द्वारा रोड भराई व मिट्टी कार्य कराई जा रहे थे। दोनों कार्य कल दिनांक 13 की तिथि से प्रारंभ हुई थी। 76 मीटर कार्य संपन्न पाए गए। दोनों मिट्टी कार्य 400 मीटर तक प्रस्तावित थी। प्रथम स्थान पर कल 32 लोग उपस्थित मिले तथा द्वितीय स्थान पर 24 श्रमिक कार्य करते पाए गए। जिलाधिकारी ने कल से लेकर आज तक कराए गए मिट्टी कार्यों की गुणवत्ता की जांच कुदाल से मिट्टी हटवाकर कराई। तकनीकी सहायक से प्रत्येक श्रमिक द्वारा किए गए कार्यों के विवरण, चकरोड की चौड़ाई के बारे में पूछताछ किया एवं तकनीकी सहायक को सभी श्रमिकों से मानक के अनुरूप व गुणवत्ता परक काम कराने के निर्देश दिया। ग्राम वासियों से संवाद कर मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी, पारिश्रमिक के भुगतान की स्थिति जानी। भुगतान की स्थिति संतोषजनक पाई गई। साथ में मिट्टी कार्य कराने के उपरांत रोड की उपयोगिता के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने विकास खंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन चकरोड पर मिट्टी भराई का कार्य मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे हैं। उनकी पूर्व में ही पैमाइश लेखपाल के माध्यम से अवश्य हो जाए ताकि अतिक्रमित चकरोड को खाली कराया जा सके तथा मिट्टी कार्य करने के उपरांत दुर्मूट से उसे बराबर भी करें। जिससे कि आवागमन में किसी प्रकार की कोई ग्राम वासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा राकेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, विकास खंड अधिकारी दुदही रामराज कुशवाहा, तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान विजय सिंह, ए पी ओ राकेश मौर्य, सचिव अशोक गौड़, रोजगार सेवक विजय कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सड़क पर अतिक्रमण से मुश्किल में राहगीर




बढ़ती जा रही है दिन-प्रतिदिन जाम की समस्या

बाजारों में दिनभर जाम लगे रहने से राहगीरों, वाहन चालकों व दुकानदारों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कसया कस्बे में जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। बाजारों में दिनभर जाम लगे रहने से राहगीरों, वाहन चालकों व दुकानदारों को भी परेशानियों का समना करना पड़ रहा है। जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे सारे कदम नकारा साबित हो रहे हैं। सड़क व फुटपाथों पर अवैध कब्जे से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

काबिलेगौर हो कि अतिक्रमण ने कस्बे की सड़कों को इस कदर अपने आगोश में ले लिया है कि आए दिन छोटी मोटी घटनाएं होती रहती हैं। गांधी चौक से हाइवे ओवरब्रिज तक, गांधी चौक से बाईपास नहर सपहा रोड, बस स्टेशन से तहसील मुख्यालय पहुंचने वाली सड़क, शहीद अमित त्रिपाठी चौक, स्वास्थ केन्द्र, शहीद स्थल, गोलाबाजार सब्जी मंडी सहित अन्य सड़कों पर अतिक्रमण व वाहनों के तितर बितर खड़ा करने से दोपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों पर भी अस्थायी अतिक्रमण का समस्या बन गई है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नाले व सड़क के पटरी अतिक्रमणकारियों द्वारा दुकान लगाने से जाम की समस्या विकट होती जा रही है। मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकानों का सामान सड़कों पर सजा देने से वाहन चालकों को अगल-बगल से निकलना भी मुश्किल हो जाता है, जबकि सब कुछ देखते हुए भी प्रशासन इस समस्या पर चुप्पी साधे बैठा है। कस्बे में जाम की समस्या को लेकर एसडीएम कसया से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, सीयूजी पर तीन बार रिंग बजा, लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

# नौ दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सम्पन्न, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। फाजिलनगर के भठहीं खुर्द स्थित शुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में मानव कल्याण, क्षेत्रीय जनता की खुशहाली, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और अभिभावकों के कल्याण हेतु नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति आज सम्पन्न हुई। संस्थान के कुलमुख्य और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित सुभाष प्रसाद त्रिपाठी एवं डॉ. निर्मला त्रिपाठी के सौजन्य से आयोजित इस महायज्ञ में 101 ब्राह्मणों द्वारा वेद मंत्रों का जाप किया गया।

महायज्ञ का शुभारंभ 6 नवम्बर 2024, बुधवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ, जिसमें संस्थान की सभी छात्राओं ने घुर्णाकुण्ड घाट पर जल भरा। काशी, मथुरा और प्रयाग के तीर्थों से पधारे सैकड़ों विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और हवन के साथ महायज्ञ का समापन हुआ।

प्रत्येक दिन आचार्य पंडित त्रियुगीनारायण मणि त्रिपाठी द्वारा भक्तजनों को मानस का रसपान कराया गया। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि पंडित भोला प्रसाद त्रिपाठी, रमाशंकर पांडेय, अशोक पांडेय, बाल्मीकि शुक्ल, काशीनाथ पांडेय, विश्वामित्र त्रिपाठी, रमेश त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, ब्रजेश त्रिपाठी, अमरेश त्रिपाठी, गिरिजेश त्रिपाठी, शीला त्रिपाठी, श्वेता त्रिपाठी, डॉ. शैलेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ. नीरज पाण्डेय, राजकिशोर पाण्डेय, उमेश तिवारी, प्रदीप दूबे, आलोक चौबे, आनंद मिश्र, अभिनन्दन मिश्र, दिलीप तिवारी, अमित त्रिपाठी, सर्वेश दुबे, ब्रजेश मिश्रा, प्रिन्स दूबे सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बच्चों को नैतिक, सांस्कारिक शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक हों : भदन्त ज्ञानेश्वर

## समारोह पूर्वक मनाया गया अग्ग महापण्डित भदन्त ज्ञानेश्वर का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। जिले के कसया तहसील क्षेत्र के बनकटा बाजार स्थित माता यशोदा देवी विद्या निकेतन के परिसर में म्यांमार बुद्ध बिहार के प्रमुख एबी ज्ञानेश्वर का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भन्ते ज्ञानेश्वर पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भन्ते ज्ञानेश्वर ने बुद्ध वन्दना किया और केक काटा। भन्ते ज्ञानेश्वर ने बुद्ध गमन मार्ग, बुद्ध के सिद्धान्त की चर्चा करते हुए कहा कि मेरे गुरु जी भिक्षु चन्द्र मणि ने कुशीनगर में शिक्षा व जन कल्याण की ज्योति जलाई। गुरु जी के आलोक में वर्मी मन्दिर धर्म, शिक्षा, सेवा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। आगे भी सेवा कार्य चलता रहेगा। बच्चों को नैतिक, सांस्कारिक शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षक और अभिभावक जागरूक रहें। इसी से विकास होगा। छात्र - छात्राओं ने बुद्ध वन्दना की। प्रबन्धक केदारनाथ यादव सचिव राम गुलाब यादव, प्रधानाध्यापक संजय यादव व शिक्षकों ने भन्ते को अंगवस्त्र, चिवर दान दिया और उनके स्वस्थ दुर्घायु जीवन की कामना की। संचालन शायर मजीबुलल्लाह राही ने किया। इस अवसर पर वर्मा की मोए मोए हटवे, सुमा, भन्ते बचायना, विजेंदर प्रताप सिंह भगत, संजय सिंह, धनन्जय, विनय, राम सूचित कुशवाहा, पूर्व प्रधान केशव यादव, प्रधान बैजनाथ यादव, दिनेश यादव गोरख यादव, जितेंद्र गोंड़, गुड्डू कुशवाहा, पन्ना लाल, अनिल यादव, विवेकचंद्रिका यादव, दिनेश यादव, शशि यादव, प्रीति यादव, प्रभावती देवी, सरोज देवी, सच्चिदानंद पाण्डेय, नितेश शर्मा, रिंकु शर्मा, सविता देवी, स्नेहा गोंड़ सहित बच्चे मौजूद रहे।

# परिवारिक फिल्म शकुंतला की शूटिंग कुशीनगर में

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। नाहटा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले कुशीनगर में एक परिवारिक भोजपुरी फिल्म शकुंतला की शूटिंग शुरू हुई है। तीन भाइयों की कहानी पर निर्माणाधीन इस फिल्म में नायक की मुख्य भूमिका में प्रिंस सिंह राजपूत और मुख्य नायिका की भूमिका में पायस पंडित हैं, फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक रितेश ठाकुर द्वारा किया जा रहा है।

शूटिंग के दौरान शकुंतला फिल्म के मुख्य नायक प्रिंस सिंह राजपूत से हुई मुलाकात में उन्होंने बताया कि शकुंतला एक शिक्षाप्रद सिनेमा है, इस फिल्म में मैं पागल का किरदार निभा रहा हूं और शकुंतला समाज की तमाम व्यंग और ताने सुनने के बाद भी अपने पति की सेवा कर रही है। इस फिल्म को लेकर उत्साह से ओत प्रोत नायक प्रिंस सिंह ने बताया कि यह फिल्म अपने आप में काफी रोचक और दर्शकों का पसंदीदा होगा। भोजपुरी फिल्म शकुंतला की शूटिंग में निर्देशन कर रहे रितेश ठाकुर और नायिका पायस पंडित इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं इनका कहना है कि यह फिल्म समाज को सिख देने वाली फिल्म है। फिल्म शकुंतला में अन्य प्रमुख कलाकारों में सुशील सिंह, प्रकाश जैस, रचना सिंह यादव, निसात सिरीन, सीपी भट्ट, शिवानी सिंह, रिंकू आयुषी, स्वीटी सिंह, मुकेश गुप्ता, प्रियंका चौधरी, सत्य प्रकाश राय और आर्यन की प्रमुख भूमिका है। डीओपी प्रमोद पांडे, सहायक रितेश तिवारी काफी उत्साह से फिल्मांकन करते देखे जा रहे हैं, प्रोडक्शन में विनोद शाह, विपिन सिंह, मुन्ना तिवारी, जावेद अली की सराहनीय भूमिका है।

# बाल दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा का जलवा, मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर।। विकासखंड फाजिलनगर के जौरा बाजार स्थित पंडित मंगल उपाध्याय पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में बनाई गई कलाकृतियों ने अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए कहा, बच्चों की इस अद्वितीय प्रतिभा को देखकर मैं मंत्रमुग्ध हो गया हूँ। इस क्षेत्र में बच्चे ऐसे हुनर का प्रदर्शन करेंगे, यह मैं सोच भी नहीं सकता था।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पंडित नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाने का सपना साकार हो रहा है। बच्चे राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति हैं और भविष्य की उम्मीद हैं, इसलिए उन्हें उचित देखभाल और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इन बच्चों को निखारना परिवार, विद्यालय, और समाज की नैतिक जिम्मेदारी है।

इस मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों - क्रिस कन्नौजिया, पियूष, गौरव, नाजमा खातून, पूजा, स्वेता, प्रगति, तान्या, आशिफा, शिवानी, अंशिका, राजन, आलिया, अनुष्का, अनुराग, गौतम, हेमन्त, प्रियांशु, सृष्टि, अम्बिका, श्याम, मनीष, नाब्या, शिवांगी, अनुज, हिमांशू, अंकुश, राजन समेत कई बच्चों को मुख्य अतिथि के हाथों मेडल प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता महेंद्र उपाध्याय, सियाशरण पाण्डेय, देवेन्द्र उर्फ इंदू उपाध्याय, नौसाद अंसारी, शाकिर अली, पंचदेव चौबे, देवानंद उपाध्याय, गिरीश उपाध्याय,जितेन्द्र उपाध्याय, पिंटू जायसवाल,दिलीप उपाध्याय , संतोष श्रीवास्तव, सुरेश खरवार सहित अभिभावक और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश राय ने की। अंत में विद्यालय के प्रबंधक आलोक चंद्र उपाध्याय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 28 अमवा एसीआई गोदाम के पास बृहस्पतिवार 11 बजे के करीब ट्रैक्टर बाइक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठा युवक घायल हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव भेलया चंद्रौटा निवासी प्रवीण मणि त्रिपाठी उम्र 23 वर्ष पुत्र जितेन्द्र मणि त्रिपाठी, शिवम मणि त्रिपाठी उम्र 21 वर्ष पुत्र अरविन्द त्रिपाठी फ़ाज़िलनगर से कसया के तरफ जा रहे थे जैसे ही नेशनल हाइवे 28 अमवा एफसीआई गोदाम के पास पहुचे थे कि जोकवा बाजार से गलत साइड से दक्षिणी लेन पर फ़ाज़िलनगर जा रहा ट्रैक्टर ट्राली ने जोड़दार टक़्कर मार दी जिससे प्रवीण ट्रैक्टर के नीचे आ गये और सर फट गया जिससे घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गया। जबकि शिवम त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गया हाथ पैर टूट गया जिसका मेडिकल कालेज रविंद्रनगर कुशीनगर में इलाज चल रहा है। तुर्कपट्टी पुलिस ने प्रवीण के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दी आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत

कुशीनगर। खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारीपट्टी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को एक अधेड़ महिला ट्रेन के चपेट में आ गई जा जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंजारीपट्टी गांव निवासी कुलमुन उम्र 50 वर्ष जो मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। परिजन उसका लंबे समय से इलाज करा रहे थे लेकिन ठीक नहीं हो पा रही थी। गुरुवार को अचानक घर से निकलकर रेलवे ट्रैक की तरफ पहुंच गई। इस दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धूमधाम से मनाया बाल दिवस




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में बाल दिवस बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव ने आयोजित समारोह में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया । प्राचार्या ने चाचा नेहरू के बाल प्रेम पर विस्तृत चर्चा की ।स्कूली बच्चों ने रंगारंग एवं संस्कृति कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया ।विद्यालय के बच्चों के द्वारा दौड़ ,कबड्डी ,खो-खो, जलेबी ,दौड़ ,अंताक्षरी ,आदि खेल आयोजित किये गए।इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्राचार्या ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ यतींद्र कुमार झा, शीला श्रीवास्तव , टी के चौधरी, पूनम श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, आरती निगम, रूबी मिश्रा ,साक्षी श्रीवास्तव, नवनीत सिंह ,पंकज शुक्ला, इरम फातिमा, सना बानो सरिता राठौर आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने स्थापना दिवस पर किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के 63वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जिला लेखपाल संघ, लखनऊ द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा एवं सामाजिक कार्यों की भावना से प्रेरित होकर, लीलावती मुंशी निराश्रित बाल गृह, मोती नगर ऐशबाग, लखनऊ में कंबल, फल और अल्पाहार वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष राममूरत यादव द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती और संघ के संस्थापक श्रद्धेय मुरारीलाल शर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघ के संस्थापक मुरारीलाल शर्मा के संगठन हेतु किए गए प्रयासों और उनके योगदान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। प्रदेश अध्यक्ष महोदय ने संगठन की ओर से इस कार्य की सराहना की और लेखपाल साथियों को भविष्य में भी समाज सेवा के प्रति इसी प्रकार समर्पित रहने हेतु प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, लेखपाल से राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए लेखपाल साथियों का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, जनपद लखनऊ द्वारा इस विशेष अवसर पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के कई सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राममूरत यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष (मध्य जोन) भूपेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री (मध्य जोन) मनीष पाठक, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार बाथम, जिला मंत्री सुजीत कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती अदिति सिंह आर्या, कोषाध्यक्ष विमल कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार सौरभ, उपमंत्री रंजीत वर्मा, लेखा परीक्षक मनमीत सिंह, और विभिन्न तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री, पदाधिकारी, एवं लेखपाल साथीगण उपस्थित रहे।

# सीएचसी नवनिर्मित भवन विभाग को नहीं हुआ हैंडओवर उद्घाटन को लेकर बेसब्री से किया जा रहा इंतजार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कर्नलगंज, गोण्डा। तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ के लैब का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। निर्माण पूरा कराए करीब महीने भर बीतने के बावजूद इसको स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं किया जा सका है। इसके उद्घाटन को लेकर बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। हलधरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के बगल में इसके लैब का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। करीब महीने भर से इसके उद्घाटन का इन्तजार किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि सीएचसी



को अपने लैब का नया भवन मिल जाने से मरीजों की जितनी प्रकार की जांचे होंगी उसकी सभी मशीनें इसी लैब में लगा दी जाएंगी। ईसीजी व एक्सरे मशीनें साल भर से सीएचसी के एक कमरे में बन्द पड़ी है। उसे चलाने के लिए विभाग एक टेक्नीशियन नहीं मुहैया करा पा रहा है। ब्लड यूरीन समेत कई प्रकार की जांचे क्षेत्रीय मरीजों को पहले से ही निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। क्षेत्रीय मरीजों को सभी प्रकार की जांचे एक छत के नीचे उपलब्ध हो जायेंगी। उनको इधर-उधर भटककर बीमारी की जांच में रुपए नहीं खर्च करना पड़ेगा। इस तरह से क्षेत्र के सभी मरीजों को सभी प्रकार की बीमारियों के जांच में सहूलियत मिलेगी। लैब के नए भवन का निर्माण यूपी सीएलडीएफ नामक कार्यदाई संस्था ने कराया है। निर्माण का काम देख रहे ठेकेदार दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि लैब के नए भवन को इसी हफ्ते स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

# लापरवाही: नसबंदी लाभार्थियों को दो बार कर दिया भुगतान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के स्वास्थ्य विभाग में जननी सुरक्षा योजना और नसबंदी करवाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि देने में बड़ा गड़बड़ झाला सामने आया है।मामले में जांच के बाद पता चला कि एक ही वित्तीय वर्ष में 139 नसबंदी लाभार्थियों को दो बार भुगतान किया गया।मंडलीय लेखा प्रबंधक द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ कि नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में एक ही लाभार्थियों को दोबारा भुगतान किया गया।इस अनियमितता के बाद एडी स्वास्थ्य ने गोंडा सीएमओ को पत्र लिखकर 2,03,000 रुपये की रिकवरी कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जांच रिपोर्ट के अनुसार, एक ही लाभार्थी से 700 रुपये



नकद लेकर उनके खाते में 1400 रुपये का भुगतान कर दिया गया।इसके अलावा, जून 2021 में भी महिला अस्पताल में इस तरह का मामला सामने आया था।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकारी अस्पताल में प्रसव करने वाली महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत 1400 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है, वहीं नसबंदी करने वाली महिलाओं को 2000 रुपये मिलते हैं।वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से 125 लाभार्थियों को जननी सुरक्षा योजना के तहत दो बार भुगतान किया गया, जिससे 1,75,000 रुपये का अतिरिक्त खर्च हुआ।इसके अलावा, 14 लाभार्थियों को नसबंदी के 28,000 रुपये का दोबारा भुगतान किया गया।इस घोटाले के लिए ब्लॉक अकाउंट मैनेजर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के हस्ताक्षर से 2,03,000 रुपये का भुगतान किया गया।इस मामले को लेकर मंडलीय लेखा प्रबंधक ने अपर निदेशक स्वास्थ्य को रिपोर्ट भेजी है और अब सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।डॉ. रश्मि वर्मा ने कहा कि यदि जांच में कोई दोषी पाया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार : रिश्वत लेते रेलवे इंजीनियर गिरफ्तार,टेंडर रद्द करने की धमकी


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले के पूर्वोत्तर रेलवे में कल लखनऊ सीबीआई की एंट्री करप्शन टीम द्वारा रेलवे ट्रैक शेड डिपो में छापेमारी करके ठेकेदार राहुल तिवारी से पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ अरुण कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया था।सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ अरुण कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किए जाने के बाद कई अहम बड़े खुलासे हुए हैं।

ठेकेदारों से सांठगांठ करके लम्बे समय से रिश्वतखोरी का खेल गोंडा रेलवे ट्रैक से डिपो में चल रहा था।मानक विहीन तरीके से रेलवे ट्रैक की भी खरीदारी की जा रही थी। माना जा रहा है कि सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद अब पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारी भी गोंडा पहुंचकर पूरे भ्रष्टाचार को लेकर के जांच करेंगे।

**सामग्री लोड करने के नाम पर मांग रहे थे 100 रु प्रति टन**

रेलवे ट्रैक डिपो से सामग्री लोड करने को लेकर के राहुल तिवारी नाम के युवक को ठेका मिला हुआ था और पिछले दो



महीने में लगभग 600 टन रेलवे सामग्री राहुल तिवारी द्वारा लोड की गई थी।सामग्री लोड करने के लिए प्रतिदिन 100 की दर से सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा द्वारा रिश्वत की डिमांड रखी गई थी।अब तक लाखों रुपए की रिश्वत सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा को ठेकेदार राहुल तिवारी द्वारा दिया भी जा चुका है।

**रिश्वत न देने पर टेंडर रद्द करने की दी जा रही थी धमकी**

लाखों रुपए रिश्वत देने के बावजूद सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा द्वारा ठेकेदार राहुल तिवारी से और रिश्वत की मांग की जा रही थी। जब ठेकेदार राहुल तिवारी ने रिश्वत देने से मना किया तो सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा चल रहे टेंडर को रद्द करने की भी धमकी दी थी।बीते कई दिनों से गोंडा रेलवे ट्रैक से डिपो से सामानों के लोडिंग और अनलोडिंग भी नहीं किया जा रहा था।जिससे राहुल तिवारी के सामने काफी दिक्कतें हो रही थी और काम भी सही से नहीं कर पा रहा था।पीड़ित ठेकेदार ने लखनऊ सीबीआई एंटी करप्शन को की थी शिकायत लगातार सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा द्वारा मांगी जा रही रिश्वत से परेशान होकर के ठेकेदार राहुल तिवारी ने बीते शनिवार को लखनऊ सीबीआई को शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को एंटी करप्शन सीबीआई की टीम द्वारा एक गोपनीय तरीके से केस दर्ज किया गया था।केस दर्ज करने के बाद कल बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे के एक सीनियर अधिकारी को अपने साथ लेकर सीबीआई की टीम गोंडा रेलवे ट्रैक सेट डिपो पहुंची। जहां रिश्वत लेते रहेंगे हाथों सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया।जूनियर इंजीनियर दीपक वर्मा को मिला परिवार रिश्वत लेते सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद अब पूर्वोत्तर

रेलवे द्वारा डिपो का प्रभार जूनियर इंजीनियर दीपक वर्मा को सौंपा गया है।दीपक वर्मा को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा जूनियर इंजीनियर दीपक वर्मा से भी पूरे मामले में जांच करके एक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।कि जो ट्रैक खरीद के ले जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता क्या है और यह पूरा मामला कब से चल रहा था।

# ई-लाटरी के माध्यम से कृषि यन्त्रों की खरीद के लिए चयनित किये गये कृषक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । वर्ष 2024-25 में कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं में अनुदान पर यन्त्र क्रय करने हेतु 09 से 23 अक्टूबर 2024 तक आनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों के चयन हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में गठित समिति के अधिकारियों/पदाधिकारियों के समक्ष विकास भवन सभागार में आयोजित ई-लाटरी श्रीमती मनोरानी, इदरीश, बीनू प्रभा सिंह, बेचन लाल, सुनीता पाठक, प्रेरणा देवी, पुत्तन लाल, अनन्ता सिंह, माता प्रसाद, गोपीनाथ सिंह, राजेश सिंह आदि किसानों द्वारा कृषि यन्त्र कस्टम हायरिंग सेन्टर, रोटावेटर, हैरो, कल्टीवेटर, स्माल गोदाम तथा परगाहवा (औराहवा) निवासी अम्बर लाल वर्मा कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के लिये चयनित हुए।



**चयनित कृषकों को मुख्य विकास अधिकारी ने दी बधाई**

गठित समिति के अधिकारियों/पदाधिकारियों उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, डीसी एनआरएलएम दीपक सिंह, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, जिला गन्ना अधिकारी के प्रतिनिधि मनोज कुमार उपाध्याय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के प्रतिनिधि संदीप कुमार, एलडीएम जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के डॉ. अरुण कुमार राजभर, नामित प्रगतिशील कृषक व पदाधिकारी लालता प्रसाद गुप्ता, राम प्रवेश मौर्या, रामफ़ेर पाण्डेय, निरंजन लाल वर्मा सहित अन्य कृषकों की उपस्थिति में ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि व अन्य अधिकारियों ने ई-लाटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को बधाई दी। डीडी एग्री श्री शाही ने चयनित कृषकों से अपेक्षा की कि शीघ्र ही कृषि यन्त्र क्रय कर विभागीय पोर्टल पर यन्त्र और बिल के साथ फोटो अपलोड कर दें, जिससे बैंक खाते में सत्यापनोपरान्त अतिशीघ्र अनुदान की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में प्रेषित कर दी जाय। इस अवसर पर उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, सदर के उदय शंकर सिंह, नानपारा के सुधीर कुमार मिश्रा एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए राम प्रकाश मौर्या सहित अन्य कृषक मौजूद रहे।

# शिविर में तालू व होंठ कटे बच्चों का हो रहा निशुल्क अपरेशन: डा. अरविन्द सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कैंसरगंज बहराइच । तहसील क्षेत्र कैंसरगंज स्थितजी बी हॉस्पिटल लगातार, 10 वर्षो से जिन बच्चों के जन्म से तालू व होंठ कटे हुए है उन बच्चों को निशुल्क ऑपरेशन कर बच्चों के होठों पर मुस्कान ला रहे है, डॉ. अरविन्द सिंह, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब परिवार के बच्चों के ओठों पर मुस्कान लाने का कार्य डॉ

**लगतार 10 वर्षो से निशुल्क ऑपरेशन कर बच्चों के होंठों पर मुस्कान ला रहा जीबी हॉस्पिटल**

अरविन्द सिंह और सिप्स बर्न हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुआ। इस निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी में कैसरगंज पयागपुर करनैलगंज जरवल सहित अनेक क्षेत्रों से आए हुए मरीजों का परीक्षण कर सर्जरी के लिए सभी बात बतायी गई।

जिन बच्चों के ओठ और तालू जन्म से




कटा है उनको चिन्हित कर निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा इस शिविर मे मुख्य रूप से सिप्स के डॉ. रितेश पुरवार डॉ. वरुण शुक्ला,मनु अमीन, जी बी हॉस्पिटल, के विख्यात चिकित्सक डॉ अरविन्द सिंह, व विनोद सिंह अनिल वर्मा सहित हॉस्पिटल स्टाफ का पूरा सहयोग रहा।

# खनन अधिकारी के नाम पर रुपए मांग रहे सपा नेता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले में सपा के जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद उर्फ पप्पू द्वारा खनन अधिकारी के नाम पर भट्ठा संचालकों से पैसे मांगने का मामला प्रकाश में आया है।सपा नेता की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सामने आई है।जिसमें वे खनन अधिकारी अभय रंजन का नाम लेकर भट्ठा संचालकों से सात हजार पांच सौ रुपए की मांग रहे हैं।खनन अधिकारी ने पैसे मांगने की बात से इनकार करते हुए इस मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं।वहीं फहीम का भी कहना है कि ऑडियो रिकॉर्डिंग में उनकी आवाज नहीं है।फिलहाल कैनविज टाइम्स ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।आरोप है कि, फहीम अहमद उर्फ पप्पू के नंबर से गोंडा अवध ईंट निर्माता व्हाट्सएप ग्रुप में रात में 10 बजकर 29 मिनट पर एक ऑडियो वॉइस रिकॉर्डिंग करके डाला गया।तीन मिनट 54 सेकंड के इस ऑडियो में सपा नेता फहीम अहमद कहते हुए नजर आ रहे हैं कि एक जरूरी बात करनी है इसलिए आप लोगों को रात में



डिस्टर्ब कर रहा हूं।खनन अधिकारी अभय रंजन ने मुझे दोपहर में बुलाया था।काफी देर तक बातचीत हुई।उन्होंने बताया है कि डीएम की एक चिट्ठी आई है और विनियमन शुल्क इसी महीने तक पैसा जमा करना है।इसमें आप लोगों की पुरानी फाइल भी निकाली गई हैं।सब पर आरसी बनने जा रही है।अंत में एक निर्णय हुआ कि कुछ हम सब भट्टे वालों को देना है।निचोड़ मैं आपको बता दूं सात हजार रुपए प्रति भट्ठा संचालक देना है और कोई ऑफिस का खर्चा नहीं देना है।फहीम ने कहा गोंडा में ऐसा कभी नहीं था लेकिन अब समय के साथ चलना पड़ेगा बगल के बहराइच जिले में हजार से पांच सौ देकर के काम चला लेते हैं हवा चलती है तो हर जगह लगती है। बिना सोचे समझे आप लोग सात हजार पांच सौ दे देना कहीं किसी को आने जाने की जरूरत नहीं है रोहन सिंह नाम के व्यक्ति को पूर्व सांसद कैसरगंज के स्कूल के सामने उसकी ऑफिस है उसी को देना है।

**खनन अधिकारी बोले-गलत अफवाह**

वायरल ऑडियो पर खनन अधिकारी अभय रंजन ने कहा कि उन्होंने किसी से भी पैसे की मांग नहीं की है और यह एक गलत अफवाह फैलायी जा रही है।उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी और अब इस पर पूरी जांच करवाई जाएगी। ''डीएम से बात करके पूरे मामले की जांच कराई जाएगी,और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी,'' खनन अधिकारी ने कहा।

**भट्ठा संघ अध्यक्ष बोले- संगठन में फहीम का कोई पद नहीं**

वहीं,गोंडा अवध ईंट निर्माता संघ के जिलाध्यक्ष अमरीश दत्त सिंह ने कहा कि जो भी व्यक्ति यह ऑडियो वायरल कर रहा है, वह फ्रॉड है और उसकी पहचान की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उनके संगठन में इस व्यक्ति का कोई पद नहीं है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।अमरीश दत्त सिंह ने डीएम से अपील की कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

**डीएम ने एडीएम को दिए जांच के निर्देश**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि वायरल ऑडियो को लेकर के अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार को जांच अधिकारी नामित करते हुए पूरे मामले में जांच करके रिपोर्ट देने के साथ कार्रवाई करने की निर्देश दिए गए है। वहीं एडीएम आलोक कुमार ने बताया कि पूरे मामले में वायरल ऑडियो के आधार पर जांच की जाएगी।जो भी दोषी मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आज होगा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भव्य शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्म जयन्ती वर्ष जनजातीय गौरव दिवस समारोह 15 नवम्बर, 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय भागीदारी उत्सव के रूप में मनाया जायेगा।। इस अवसर पर मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा रु. 6600 करोड़ की योजनाओं का शुभारम्भ, शिलान्यास, लोकार्पण किया जाना है। अपर सचिव, भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देश पर ष्धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियानष का शुभारम्भ जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर विकास खण्ड मिहींपुरवा के परिसर में 15 नवम्बर 2024 को वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

डीएम ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के जनजातीय बाहुल्य विकास खण्ड मिहींपुरवा में मेगा इवेण्ट का आयोजन किया गया है, जिसमें जनपद के समस्त विभागों द्वारा अपनी योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉल लगाकर पात्र असंतृप्त लाभार्थियों को संचालित योजनाओं यथा-आधार बनाना व आधार का शुद्धीकरण, गर्भवती महिला व बच्चों का पंजीकरण तथा स्वास्थ्य जाँच, राशन कार्ड बनाना, बैंक खाते को आधार से लिंक कराने, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास, पारिवारिक लाभ योजना, अनु.जाति उत्पीड़न, छात्रवृत्ति, अभ्युदय कोचिंग, छात्रावासों में प्रवेश, आश्रम पद्धति विद्यालय, हॉस्टलों का इन्फॉस्ट्रक्चर, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था/विधवा/दिव्यांग पेंशन एवं कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत आवेदन कराना, स्वीकृति पत्र वितरण कराना, लम्बित ऋण आवेदनों को स्वीकृत करना, निःशुल्क विद्युत कनेक्शन (सौभाग्य योजना), सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पात्र कन्याओं का विवाह हेतु आवेदन, कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण आदि योजनाओं से संतृप्तिकरण की कार्यवाही की जायेगी।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ष्धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियानष के अंतर्गत जनपद बहराइच के विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम यथा बर्दिया, फकीरपुरी एवं बिशुनापुर चयनित किये गये हैं। इन ग्रामों में निवासरत जनजातीय समूह के व्यक्तियों को स्पेसीफाई इण्टरवेन्शंस के माध्यम से शासन द्वारा विभिन्न विभागों में चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किये जाने के उद्देश्य से ब्लाक मुख्यालय मिहींपुरवा पर आयोजित मेगा इवेण्ट आयोजित कर चयनित ग्रामों में निवासर जनजातीय समूह के पात्र असंतृप्त लाभार्थियों को संचालित योजनाओं से संतृप्तिकरण किये जाने हेतु समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को कार्य-दायित्व सौंप दिये गये हैं।

# बच्चों का अधिकार सुनिश्चित करना समाज की पहली जिम्मेदारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। बाल अधिकार सप्ताह समारोह के अंतर्गत 14 नवम्बर को विकास खंड फखरपुर के कम्पोजिट विद्यालय अटोडर घेरेहरा नकदिलपुर में पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट, बहराइच के नवजीवन परियोजना के अन्तर्गत बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की सामान्य जीवन पर आधारित विषयों पर लिखित परीक्षा करायी गई जिसमें रमन सिंह ने प्रथम स्थान, दूसरे स्थान पर ज्योति, सत्यम व हिमांशु और तृतीय स्थान नीरज कुमार, शिवम वर्मा व राधा ने प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों को अमरूद के पौधे, सामान्य ज्ञान व अंग्रेजी व्याकरण की पुस्तकें देकर पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के साथ जीवन जीने की बेहतर कला संबंधित मौखिक प्रश्न के साथ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ विद्यालय को खेल सामग्री बैडमिंटन 4 सेट, रस्सी कूद 6 सेट, बेहतर अंग्रेजी सीखने के लिए व्याकरण व अनुवाद की 24 पुस्तक भी विद्यालय को उपलब्ध कराया गया। यह सभी प्रयास इस आशय से किया गया है कि जिससे घाघरा नदी विस्थापित परिवारों के बच्चों को शिक्षा




की प्रेरणा मिल सके और एक बेहतरीन शिक्षा का माहौल सृजित हो। इस कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में एक नये उत्साह का माहौल सृजित हुआ है। बेसिक शिक्षा विभाग के बौंडी प्रक्षेत्र के संकुल प्रभारी श्री साकेत भूषण तिवारी ने बताया कि निश्चित रूप से ऐसे प्रयासों से बच्चों और शिक्षक गण को एक नया उत्साह सृजित होता है जो अन्य बच्चों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करता है। पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट बहराइच के निदेशक श्री ध्रुव कुमार ने बताया कि पूरे कार्यदल का प्रयास यही है कि सभी के साथ एक नवीन माहौल बने जिसमें विकास का मुख्य आधार शिक्षा स्थापित हो सके। बच्चों के मूल अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बच्चों के जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और संरक्षण का अधिकार सुनिश्चित करना प्रत्येक माता-पिता वह जागरूक नागरिकों के साथ-साथ सभी हित भागियों की मौलिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम के आयोजन में उच्च प्राथमिक विद्यालय अटोड़र के प्रधानाध्यापक ओमकार कश्यप, सहायक अध्यापक मनोज कुमार और शिक्षामित्र अर्चना सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय टुडौली के प्रधानाध्यापक मनीष मिश्रा सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार सिंह शिक्षामित्र ज्ञानवती सिंह के साथ-साथ पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट बहराइच के नवजीवन परियोजना के मुख्य सहयोगी रामतेज यादव व रिंकी वर्मा का सहयोग सराहनीय रहा। बाल दिवस कार्यक्रम की आयोजन के दौरान 173 बच्चे उपस्थित थे।

## वाटर कूलर प्रस्तावित स्थान पर न लगाकर निजी स्थान पर लगाने का विरोध,बीडीओ ने रोका काम

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के विकास खण्ड छपिया के ग्राम पंचायत रानीजोत (मसकनवा बाजार कस्बे) में स्वच्छ जल मिशन के तहत लगने वाले वाटर कूलर को प्रस्तावित स्थान पर न लगाकर व्यक्तिगत स्थान पर लगाने का विरोध होने पर खण्ड विकास अधिकारी ने कार्य रोक दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक छपिया विकास खंड के ग्राम पंचायत रानीजोत (मसकनवा बाजार कस्बे) में ग्राम पंचायत निधि से स्वच्छ पेयजल मिशन के तहत वाटर कूलर लगाया जाना प्रस्तावित था। बताया जाता है कि सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से इसे राम जानकी मन्दिर में लगाने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत प्रधान/सचिव द्वारा किये जाने के बावजूद बीबीडी काम्प्लेक्स में लगवाया जा रहा था। जो सार्वजनिक स्थान न होकर व्यक्तिगत मार्केट है। ग्राम पंचायत को वाटर कूलर सार्वजनिक स्थान पर ही स्थापित करना चाहिए। समरसेबुल की बोरिंग व्यक्तिगत स्थल पर कराये जाने को लेकर कस्बा वासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्राम पंचायत सदस्य बद्री प्रसाद गुप्ता व उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मसकनवां बाजार के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी छपिया, मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी को वाट्सएप व एक्स पर शिकायत कर वाटर कूलर निजी प्रतिष्ठान पर लगाने का विरोध किया। इस पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी गोंडा ने तत्काल खण्ड विकास अधिकारी छपिया को प्रकरण की जांच कर निजी स्थल पर बोरिंग किये जाने को रोकने का आदेश दिया। खण्ड विकास अधिकारी छपिया ने तत्काल निजी स्थल पर वाटर कूलर की बोरिंग रोकते हुये तीन सदस्यीय टीम बनाकर जांच के आदेश दिये हैं। बताया जाता है कि बिना कार्य हुये वाटर कूलर स्थापना का पूरा पैसा भी आहरित कर लिया गया है।

## लापरवाही: नसबंदी लाभार्थियों को दो बार कर दिया भुगतान

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के स्वास्थ्य विभाग में जननी सुरक्षा योजना और नसबंदी करवाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि देने में बड़ा गड़बड़ झाला सामने आया है।मामले में जांच के बाद पता चला कि एक ही वित्तीय वर्ष में 139 नसबंदी लाभार्थियों को दो बार भुगतान किया गया।मंडलीय लेखा प्रबंधक द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ कि नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में एक ही लाभार्थियों को दोबारा भुगतान किया गया।इस अनियमितता के बाद एडी स्वास्थ्य ने गोंडा सीएमओ को पत्र लिखकर 2,03,000 रुपये की रिकवरी कराने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।जांच रिपोर्ट के अनुसार, एक ही लाभार्थी से 700 रुपये नकद लेकर उनके खाते में 1400 रुपये का भुगतान कर दिया गया।इसके अलावा, जून 2021 में भी महिला अस्पताल में इस तरह का मामला सामने आया था।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकारी अस्पताल में प्रसव करने वाली महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत 1400 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# तंत्र पर पटाखों के ठहाके

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण के दौरान जमकर हुई पटाखेबाजी पर तल्ख टिप्पणी की है। प्रदूषण संकट को देखते हुए इस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है कि कोई भी धर्म प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं करता। यही वजह है कि कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर लगे प्रतिबंध को सालभर के लिये लागू करने हेतु एक पखवाड़े के भीतर ही फैसला ले। वहीं दूसरी ओर सरकारों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए कोर्ट ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 21 के तहत प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना आम नागरिक का मौलिक अधिकार है। वहीं कोर्ट ने धर्म की वास्तविक व्याख्या को बताते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी धर्म द्वारा किसी ऐसे काम को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, जो समाज या व्यक्ति के लिये नुकसानदायक हो। यानी धर्म तो मानव मात्र के कल्याण के लिये सदैव आकांक्षी रहता है। निश्चित रूप से अदालत ने स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया कि किसी सामूहिक या व्यक्तिगत खुशी के लिये विषम परिस्थितियों में पटाखे चलाना दूसरे व्यक्ति के नागरिक अधिकारों का भी हनन है। विडंबना यह है कि पटाखों पर प्रतिबंध को लोग धार्मिक अस्मिता से जोड़ लेते हैं। हम यह याद नहीं रखते हैं कि पटाखों से होने वाले प्रदूषण से उन लोगों पर क्या गुजरती होगी, जो श्वसनतंत्र से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। कमोबेश यही स्थिति उम्रदराज नागरिकों, अस्पतालों में उपचार हेतु भर्ती लोगों तथा धमाकों के प्रति अधिक संवेदनशील व्यक्तियों को लेकर भी होती है। यह सवाल तार्किक है कि क्या खुशी की अभिव्यक्ति का कोई रिश्ता पटाखों से होता है? वह भी उस स्थिति में जब देश की राजधानी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में गिनी जाती हो। कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस को भी फटकार लगाई कि वह पटाखों पर लगे प्रतिबंध को अमल में नहीं ला पायी। हालांकि, पुलिस की मजबूरी का एक पहलू पर्व की संवेदनशीलता व इस मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप भी रहता है। हालांकि, आलोचक पर्व-त्योहार पर पटाखों पर प्रतिबंध की तार्किकता को लेकर सवाल भी उठाते हैं। उनका कहना होता है कि यदि दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध लगता है तो अन्य धर्मों के पर्वों पर यह नियम-कानून लागू होना चाहिए। वे सवाल उठाते हैं कि क्या पटाखों पर प्रतिबंध से दिल्ली का प्रदूषण खत्म हो जाएगा? क्या वास्तव में प्रतिबंध के परिणाम प्रभावी होते हैं? क्या अदालत प्रदूषण के अन्य बड़े कारकों के प्रति भी ऐसा ही सख्त रवैया अपनाती है? वे मानते हैं कि पटाखे चलाने की गतिविधि एक-दो दिन की होती है,लेकिन प्रदूषण तो राजधानी में बारह महीनों होता है। कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों में सर्दियों में दिल्ली समेत देश के व्यापक क्षेत्रों में वातावरण जहरीला हो जाता है। आलोचकों का तर्क होता है कि राज्य सरकारें व प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण में अपनी नाकामी का ठीकरा पटाखों के सिर फोड़ते हैं। लेकिन सवाल सिर्फ दिल्ली का ही नहीं है राजधानी की आबोहवा में प्रदूषण बढ़ाने में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले अन्य राज्यों में स्थित शहरों की भूमिका भी होती है। वहीं एक सवाल यह भी रहता है कि शीर्ष अदालत दिल्ली की स्थिति को लेकर तो सख्त रहती है लेकिन देश के अन्य राज्यों के कई शहरों में दिल्ली जैसा प्रदूषण विद्यमान रहने पर ऐसी सक्रियता नजर नहीं आती। देश के अन्य भागों की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही आबोहवा में जहर घोलने वाले प्रमुख कारकों की तलाश करके इस दिशा में गंभीर पहल किए जाने की भी आवश्यकता है। इसके अलावा इस दिशा में सामाजिक जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को वातावरण साफ रखने के मिशन से जोड़ा जाना चाहिए। एक हकीकत यह भी है कि जागरूकता के अभाव में हम जीवन-व्यवहार में बहुत कुछ ऐसा करते हैं जो कालांतर प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभाता है। निश्चित रूप से पूरे देश में यह सोच विकसित करनी होगी कि हमारे किसी कार्य से दूसरे व्यक्ति के जीवन के अधिकारों का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिए।

# गुरुनानक देव समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा

**गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्ज़ा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया। गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया।**

## गुरुनानक देव जयन्ती पर विशेष

भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है। गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्ज़ा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया। गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महापुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया। गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था। नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है- नानक ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे 'देव' शब्द जुड़ गया। वे कालांतर में 'गुरु नानकदेव' के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु-संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धापूर्वक क्षमा माँगी। गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई? में अमरत्व को प्राप्त कर गए। श्री गुरुनानक देवजी के सबसे निकटस्थ शिष्य मरदाना को माना जाता है जो कि जाति से मुसलमान थे। आप देखिये नानक देवजी के तप का प्रभाव कि मरदाना ने अपना पूरा जीवन गुरुनानकजी के सेवा में गुजारा। सैकडों साल पुराने सामाजिक सच, आज के सच हों, यह जरूरी नहीं है। अतः सत्य की खोज के लिए गतिशीलता एवं विवेक की अपेक्षा है। उन्होंने परम चक्षु-अंतर्दृष्टि को जगा और श्रेष्ठताओं के संवर्धन हेतु विशिष्ट पराक्रम किया। इसका तात्पर्य यह है कि आध्यात्मिक विकास हेतु विवेकयुक्त पुरुषार्थ की नितांत अपेक्षा रहती है। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।' यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं। –ललित गर्ग

# सत्ता की बंदरबांट के बीच मुफ्तखोरी के एलान

**गिरीश्वर मिश्र**

विधानसभा या लोकसभा के चुनाव राजनैतिक दलों के आंतरिक स्वभाव को उभार कर सामने लाने में बड़े मददगार होते हैं। दल कोई भी हो सत्ता हासिल करना और सत्तासीन होकर उस पर कब्जा बनाए रखना ही उनका परम धर्म हो चुका है। सत्ता के लिए आर्त पुकार जनता तक पहुँचाने की राजनीति जटिल और बहु आयामी होती जा रही है। चुनावी मौसम आते ही राजनीतिक गहमागहमी तेज हो जाती है। नेताओं की अंतरात्मा जाग उठती है और सत्ता-यात्रा में आने वाले सारे बंधनों और अवरोधों को पार करने को छटपटाने लगती है। सत्ता के लिए वे किसी से कोई भी समझौता करने को व्यग्र दिखते हैं। वे अपना दल छोड़ कर दूसरे धुर विरोधी दल में प्रवेश लेने से नहीं कतराते। आज लगभग सभी दल इस तरह की उठापटक को जायज और स्वाभाविक ठहराते हैं, आख़िर युद्ध में सब कुछ उचित जो ठहरा। चूँकि यह प्रवृत्ति किसी एक दल की न होकर सभी दलों की होती जा रही है, राजनैतिक हलकों में इसे सामान्य रणनीति का हिस्सा मान लिया जाता है। अब वैचारिक रुझान या किसी आदर्श या मूल्य से जुड़े आधार से ज़्यादातर दल अपना कोई रिश्ता नहीं रखते। सभी दलों के स्वर और रीति-नीति में बहुत अंतर नहीं दिखता। कभी राजा जी, मालवीय जी, जयप्रकाश नारायण, आचार्य जेबी कृपालानी और डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे अनेक राजनेता वैचारिक और नीतिगत असहमति और जन-कल्याण के प्रश्नों पर टकराहट से अपनी मूल पार्टी से अलग हुए थे। अपनी दृष्टि के प्रति उनकी आस्था के पीछे कोई सीमित स्वार्थ नहीं था और वे उसके प्रति स्वाभाविक रूप से जुड़े थे। शायद वे उस जमाने के थे जब निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा और समाज के हित की दृष्टि से प्रेरित हो कर लोग राजनीति की ओर आते थे। इस सिलसिले में बहुतों ने पाने की जगह कुछ खोया गँवाया। राजनीति की दिशा में उनका कदम किसी निजी, पारिवारिक या समुदाय के दबाव से या दबदबा बनाए रखने के लिए नहीं बल्कि अपनी पसंद से उठाया गया कदम होता था। उनकी नज़र समाज की कमियों और कमज़ोरियों का सामना करने पर रहती थी। ऐसे नेताओं की अच्छी संख्या होती थी जो अपने बलिदान और त्याग के लिए तैयार रहते थे। समाज की सेवा करने को उन्होंने चुना था। राजनैतिक दलों की अपनी-अपनी वैचारिक पसंद नापसन्द तो होती थी और होनी भी चाहिए पर सबकुछ के बावजूद उन नेताओं के पास देश का एक नक़्शा होता था और बिना किसी संदेह के देशहित ही उनका सबसे महत्वपूर्ण सरोकार होता था। जमीन से उठ कर आने वाले ऐसे प्रामाणिक नेतृत्व की साख उनके द्वारा अर्जित होती थी। वे किसी हाईकमान की कृपा का मुंहताज नहीं होती थी। आज की तरह अपने लिए धनसंग्रह करते रहना उनका उद्देश्य नहीं होता था। उनमें देश-निर्माण का स्वाभाविक जज़्बा और उत्साह होता था जो उनके कार्यों में भी झलकता था। अब स्वतंत्र होने के पचहत्तर साल बीतने के बाद राजनैतिक परिवेश में जोड़-तोड़ की जो प्रवृत्तियाँ उभर कर सामने आ रही हैं वे राजनीति के तेजी से बदलते स्वभाव का संकेत दे रही हैं। हर चुनाव की सुगबगाहट के साथ राजनैतिक दलों द्वारा रेवड़ी बाँटने की नई प्रतिस्पर्धा शुरू हो जाती है। वादों और घोषणाओं की झड़ी लग जा रही है। इसमें क्या कुछ नहीं शामिल होता है: नौकरी, बिजली, घर, सम्मान निधि, गैस सिलेंडर, कर्जमाफ़ी, सस्ता-कर्ज़, मुफ़्त वाई-फ़ाई, गरीब को वजीफ़े, आरक्षण की सुविधा यानी जो भी मन करे नेता लोग सब कुछ मतदाता को देने की घोषणा करते नहीं अघा रहे है। अब ज़मींदारों के तर्ज़ पर नेताजी मनमर्ज़ी से कोई भी एलान कर सकते हैं। मुफ़्त की सुविधायें देने के पीछे कोई आर्थिक-सामाजिक नीतिगत आधार नहीं होता है। जाति, उपजाति, क्षेत्र और धर्म जैसे आधार में बांध कर चुनाव की तैयारी कस्टमाइज्ड प्रलोभन देने की मुहिम चल रही है। इस तरह की प्रक्रिया का कोई ओर-छोर नहीं दिखाई पड़ता है। सुविधा और धन बाँट-बाँट कर जनता से वोट बटोरने की रीति-राजनीति में जन-भागीदारी को दूषित कर रही है। आज एमएलए और एमपी के चुनाव में करोड़ों के खर्च होते हैं। इसलिए प्रत्याशी भी करोड़पति होते हैं। ऊपर से संदिग्ध अपराधी भी शामिल होते हैं। अब धनबल और बाहुबल के बिना राजनीति की कल्पना कठिन हो रही है। तुष्टिकरण के सहारे राजनीति लम्बी पारी नहीं खेल सकेगी। उल्टे यह देश की जड़ों को खोखला करने वाली युक्ति है। निर्वाचन आयोग, सरकार और राजनैतिक दलों को इसे नियंत्रित करने के लिए कारगर कदम उठाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## सेहत मंत्र

# रोजाना लौंग का पानी पीने से हेल्थ को मिलते हैं ढेरों


आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में खराब खानपान, तनाव, दूषित पर्यावरण और फिजिकल एक्टिविटी में कमी होने से कई स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में लोग सेहतमंद बने रहने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। तो वहीं कुछ लोग सेहतमंद बने रहने के लिए हजारों साल पुरानी आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपना रहे हैं। यह आयुर्वेदिक चिकित्सा न सिर्फ बीमारी को ठीक करती है, बल्कि हमारे शरीर को भी स्वस्थ बनाती है। खासकर यह आयुर्वेदिक नुस्खे पाचन सुधारने, इम्यूनिटी बढ़ाने और स्किन व बालों की देखभाल के लिए काफी कारगर साबित होते हैं। आयुर्वेद में लौंग का बेहद महत्वपूर्ण स्थान होता है। साथ ही यह औषधीय गुणों से भरपूर मसाला है, जो हमारे शरीर में कफ और पित्त को संतुलित करने में भी मदद करता है। बता दें कि आयुर्वेद में कफ और पित्त के असंतुलन से तमाम तरह की बीमारियां होती हैं। जैसे एसिडिटी, पेट में जलन और स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। लौंग का पानी पीने से इन दोषों को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। लौंग का पानी पाचन में सुधार करता है और पेट में ठंडक बनाए रखता है। खासतौर पर जब आप इसका गर्मियों में सेवन करते हैं, तो आपको पेट संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। कई लोगों को प्यास और पेट में जलन की शिकायत रहती है। ऐसे में लौंग के पानी ठंडक देने वाले गुण मौजूद होते हैं, जो प्यास और जलन को शांत करता है। इसका रोजाना सेवन करने से बॉडी में हाइड्रेशन बना रहता है। इससे मुंह में ताजगी का एहसास होता है। लौंग के पानी का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। गैस, अपच और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं में राहत देता है। इस पानी का रोजाना सेवन करने से पाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से काम करती है और एसिडिटी की समस्या से आराम मिलता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम की मात्रा बढ़ती है और यह पाचन को तेज करता है। जिससे खाना आसानी से पच जाता है। लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इससे वेट लॉस में भी मदद मिलती है। लौंग पानी का सेवन करने से भूख कम लगती है और आप ओवरईटिंग पर भी काबू पा सकते हैं। लौंग में मौजूद पोषक तत्व फैस को तेजी से बर्न करता है। ऐसे में यदि आप वेट लॉस की कोशिश कर रहे हैं, तो आप अपनी डाइट में लौंग का पानी शामिल कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# हमें भी अपने जीवन में माँ पार्वती के आदर्शों को धारण करना चाहिए

श्री पार्वती जी साक्षात भवानी हैं। वे जगत जननी हैं। लेकिन तब भी वे अपने जीवन चरित्र के माध्यम से यह शिक्षा देना चाहती हैं, कि जीवन में आप अगर महाशक्तिशाली भी हैं, सब प्रकार से संपन्न हैं, तो भी तप का महत्व आप कम नहीं आँक सकते हैं। वर्तमान संसार में आप देखिए, जीव को तनिक सी भी मायावी सफलता प्राप्त हो जाये, वह इतना आलसी हो जाता है, कि प्रत्येक कार्य मशीनों पर ही टाल कर चलता है। तप की तो इसे जैसे आवश्यक्ता ही नहीं है। जिसका परिणाम यह है, कि व्यक्ति अनेकों भयंकर रोगों से ग्रसित हो चुका है। मन पर कोई अंकुश ही नहीं है। विषय विकारों में ऐसा गलतान हो चुका है, कि मन भयंकर राक्षस हो चुका है। किसी में सहने की शक्ति नहीं बची है। जिस कारण परिवारों में विछेद हो रहे हैं। दया धर्म तो मानों बहुत दूर की कौड़ी हो रखी है। जबकि गोस्वामी जी इतना स्पष्ट कह रहे हैं, कि तप की आवश्यक्ता तो त्रिदेवों को भी है। क्योंकि सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार तभी हो पाता है, जब त्रिदेव तप का आसरा लेते हैं- 'तपबल रचइ प्रपंचु बिधाता। तपबल बिष्नु सकल जग त्रता।। तपबल संभु करहिं संघारा। तपबल सेषु धरइ महिभारा।।' इसी तप की महिमा को महिमा मंडित करने के लिए, माँ पार्वती जी तप के निकल पड़ी। वे सबसे पहले, कुछ काल तक तो केवल जल और वायु का ही सेवन करती हैं। फिर अनेकों प्रकार के कठोर उपवास करती हैं। उसके पश्चात, जो बेल पत्र सूख कर धरती पर गिर जाते थे, माँ पार्वती ने उन्हीं बेल पत्रें को ही खाती हैं।

## पर्यटन




# धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है विजयवाड़ा

विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश का एक प्रमुख शहर है, जो अपनी ऐतिहासिकता, धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर कृष्णा नदी के किनारे बसा हुआ है और यहाँ की सांस्कृतिक विरासत इसे एक अद्वितीय पर्यटन स्थल बनाती है। कनक दुर्गा मंदिर विजयवाड़ा का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर पहाड़ी पर स्थित है और देवी दुर्गा को समर्पित है। मंदिर की भव्यता और यहाँ की पूजा विधि भक्तों को आकर्षित करती है। यहाँ से पूरे शहर का दृश्य भी अद्भुत होता है। विजयवाड़ा के निकट कृष्णा नदी में स्थित बुद्दा की 17 फीट ऊँची मूर्ति एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह मूर्ति शांति और शांति का प्रतीक है। यहाँ आकर पर्यटक ध्यान और सुकून का अनुभव करते हैं। यह पार्क परिवार और बच्चों के लिए एक बेहतरीन स्थल है। यहाँ सुंदर बाग-बगिचे, खेल के मैदान और जलाशय हैं। पार्क में घूमना और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना एक सुखद अनुभव होता है। यह संग्रहालय विजयवाड़ा के इतिहास और संस्कृति को दर्शाता है। यहाँ विभिन्न प्रकार की कलाकृतियाँ, चित्र और प्रदर्शनी हैं, जो विजाग और आसपास के क्षेत्र के बारे में जानकारी देती हैं। बनरू किला विजयवाड़ा के निकट स्थित एक ऐतिहासिक किला है। यह किला अपने ऐतिहासिक महत्व और अद्भुत वास्तुकला के लिए जाना जाता है। किले की दीवारें और संरचना पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। कृष्णा नदी विजयवाड़ा के लिए जीवनदायिनी है। नदी के किनारे चलना, बोटिंग करना और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेना पर्यटकों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है। यह विहार एक प्रमुख बौद्ध स्थल है, जो बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। यहाँ की शांति और शांति का अनुभव बौद्ध दर्शनों के अनुयायियों को विशेष रूप से आकर्षित करता है। विजयवाड़ा की यात्रा के लिए अच्छी सड़क और रेल सेवाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ का निकटतम एयरपोर्ट विजयवाड़ा में ही है। पूरे साल में किसी भी समय यात्रा करना संभव है, लेकिन मानसून और शीतकाल में यहाँ का मौसम बेहद सुखद रहता है।

# गैर जनपदीय नाबालिग की ईंट भट्ठे पर मौत मामले में चाइल्ड लाइन प्रभारी ने किया मौका मुआयना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेही घाट बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र स्थित भैरवनाथ ब्रिक फील्ड पर बीते बुधवार को जेसीबी से कुचलकर हुई किशोर की मौत के मामले में बृहस्पतिवार को चाइल्ड लाइन प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। आपको

**नाबालिग राममगन की मौत मामले ने पकड़ा तूल**

बता दें भैरवनाथ ब्रिक फील्ड सूरजपुर रामसनेही घाट पर बीते बुधवार की सुबह को जमीन पर सोते समय चालक की लापरवाही से सीतापुर निवासी राम मगन (14) पुत्र प्रताप रैदास पर जेसीबी चढ़ गई थी ।फलस्वरूप उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी, हादसे के बाद चालक ईंट भट्ठा पर ही जेसीबी खड़ी कर भाग गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी



अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया था ।बाद में मृतक के फूफा सरविंद की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया था ।बताया जाता है कि मृतक अपने फूफा सरविंद के साथ ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने आया था । इस दर्द नाक हादसे को आपके कैनविज टाइम्स समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था,

ईंट भट्ठा पर बाल मजदूरों से कार्य करवाए जाने की सूचना पर बृहस्पतिवार को चाइल्ड लाइन बाराबंकी के प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने ईंट भट्ठा पहुंचकर वहां रह रहे मजदूरों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की ।भट्ठा मालिक मौके पर मौजूद नहीं मिले ।सिर्फ मुंशी मौके पर मौजूद मिले ।जांच के दौरान असंद्रा कोतवाली पुलिस भी मौके पर मौजूद रही ।

जब इस संबंध में चाइल्डलाइन जिला प्रभारी बाराबंकी मनोज वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मृतक के अभिभावक को बुलाया गया है। चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन 1098 पर विभाग को शिकायत मिली थी इस वजह से मौके पर जांच करने पहुंचे थे। उन्होंने आगे बताया कि अभी कुछ बातें स्पष्ट नहीं हो पाई हैं कि बच्चा मजदूरी के नियत से आया था या फिर कोई और बात रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से जांच की जाएगी।

# बाराबंकी में भी अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, पुलिस अलर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने को लेकर प्रयागराज में जारी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन और अन्य शहरों में भी फैलने लगा है। बृहस्पतिवार दोपहर को को अभ्यर्थियों ने बाराबंकी शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। शहर से गुजरे लखनऊ अयोध्या हाईवे पर एकत्र छात्र, बैनर, पोस्टर और तख्ती लिए छात्र एकता जिंदाबाद और एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने के जोरदार नारे लगा रहे थे। कई छात्रों ने बताया कि प्रयागराज में इसे लेकर संघर्ष हो रहा है और वह भी इस आंदोलन में अपनी पूरी भागीदारी करेंगे। छात्रों द्वारा शहर के पटेल तिराहे से बस अड्डा होते हुए स्टेशन रोड की ओर निकाले गए जुलूस के कारण सड़क पर जाम के हालात पैदा हो गए। करीब एक घंटे तक सैकड़ों वाहन बाराबंकी शहर में ही फंसे रहे। इससे बस स्टेशन पर संचालित बसों का आवागमन व संचालन भी प्रभावित हुआ। शहर कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी व अन्य पुलिसकर्मी भीड़ को नियंत्रित करने में लग रहे।

# बिना प्रशासन की अनुमति से नगर में चल रहा मेला, जिम्मेदार बने अनजान






**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


फतेहपुर-बाराबंकी। नगर में मखदूमशाह दरगाह मेले का चार दिन पहले आतिशबाजी के साथ समापन हो गया। मेला संचालन की अनुमति 10 नवम्बर तक थी। लेकिन धड़ल्ले से चल रहा मेला जाम लगने के साथ कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है।

मालूम हो नगर क्षेत्र स्थित मेन रोड पर मखदूमशाह की प्राचीन दरगाह है। हर वर्ष दरगाह के आसपास लगने वाला मेला सामाजिक एकता की मिसाल माना जाता है। इस साल भी प्रशासन द्वारा मेला समिति अध्यक्ष को 1 से 10 नवम्बर तक 12 बिंदुओं की सशर्त अनुमति प्रदान की गई थी। इसी के बाद दस दिवसीय मेले का 10 नवम्बर को परम्परागत ढंग से आतिशबाजी के साथ समापन कर दिया गया। लेकिन इसके बावजूद लगातार चल रहा मेला अब नागरिकों के लिए सिरदर्द बन गया है। जिसे लेकर अब नगर में तरह तरह की चर्चाएं है। बेहद व्यस्त मेन रोड के दोनों ओर दुकानें और मेलार्थियों की भीड़ नगर में दिन भर जाम लगने का बड़ा कारण बन चुकी है। बीते दिनों रात में ग्राम जरखा व हैदरगंज के युवकों के साथ मारपीट की घटना हुई। म्यूजिक कांफ्रेस में कुर्सियां तोड़ी गई। मेला समाप्ति के कारण पुलिस के शिथिल होने से महिलाओं से छीटाकशी के मामले सामने आ रहे है। गुरुवार शाम को भी झूले व दुकानों पर भारी भीड़ मौजूद दिखी।इस संबंध में एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि अनुमति 10 दिनों तक थी। उनके द्वारा मेला संचालन बढ़ाये जाने सम्बन्धी कोई आदेश नही दिया गया। इस संबंध में एलआइयू के दीपक सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया, मामला हमारे संज्ञान में नहीं है जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश कुमार वर्मा के 56वें जन्मदिवस पर सपाइयों ने रक्तदान कर मनाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। अवध क्षेत्र के जननायक लाखों युवाओं के दिलों की धड़कन हम सबके चहेते पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा के जन्मदिन पर समाजवादी लोहिया वाहिनी टीम के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मोहनलाल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बाराबंकी में प्रातः से सुनिश्चित किया गया जिसमें समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अंकित वर्मा चौधरी चरण सिंह प्रबंधक सुधारानी वर्मा द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें 56 यूनिट कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने पहुंचकर सर्वप्रथम बाबूजी की समाधि स्थल पर पुष्प चढ़ाकर व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रक्तदाताओं उत्साहवर्धन कर बधाई दी रक्तदान करने वालों में ''नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा, रीता वर्मा,माही वर्मा,ज्योति वर्मा, मोनू



जायसवाल, राजन शुक्ला, ज्ञानेश भदोरिया,धीरज दत्त वर्मा, अभिषेक यादव, आदर्श वर्मा,रजनीश वर्मा, आकाश वर्मा,अजय वर्मा, रमेश वर्मा रमेश वर्मा बाहरपुर, सुधांशु वर्मा, मुकेश वर्मा,कुलदीप पटेल,बाराती वर्मा, संदीप वर्मा जेसीबी, सर्वेश पटेल,प्रदीप बाबू मेहंदीपुर, अपुल वर्मा, हिमांशु यादव, धर्मेंद्र सिंह पटेल, विवेक वर्मा, अखिलेश पटेल, रोहित वर्मा, अनूप यादव, संदीप यादव, मनोज यादव, कैलाश वर्मा, श्रीनिवास फास्टर, सिरिश वर्मा, डॉ.कुलदीप पटेल सेमरावां, धीरज दत्त वर्मा, विनीत विक्रम सिंह वर्मा रायपुर, गौतम रावत, प्रमोद वर्मा, क्षितिज वर्मा, डॉक्टर शैलेश वर्मा, रजनीश वर्मा, आदि लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बाराबंकी के पूर्व सांसद डॉ पी एल पुनिया जी, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, नगर पालिका नवाबगंज अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा, बेलहरा अध्यक्ष अयाज अहमद, सरताज चौधरी, समाजवादी लोहिया

**विभिन्न दलों के नेताओं ने दिये पुष्पगुच्छ , पूर्व केंद्रीय मंत्री व सपा के संस्थापक सदस्य स्व.बेनी प्रसाद वर्मा के जेष्ट पुत्र है राकेश कुमार वर्मा**

वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अनूप यादव, समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव सोनू यादव जी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अखिलेश वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, जिला महासचिव हिमांशु यादव,जिला उपाध्यक्ष कामता यादव, कोषाध्यक्ष प्रीतम वर्मा, समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, जिला सचिव सुधांशु वर्मा, मदन वर्मा, उबेद सानू प्रधान, सुभाष चंद्र वर्मा, मोबिन प्रधान,भारी संख्या में मंत्री को बधाई देने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं का ताता लगा रहा।

# स्कूली बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, विधायक ने बंटवाएं 650 से ज्यादा इको फ्रेंडली बैग्स और स्टेशनरी किट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले 650 से अधिक बच्चों को ईको फ्रेंडली बैग्स और स्टेशनरी किट प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। बच्चों ने कपड़ों से निर्मित इको फ्रेंडली बैग्स प्राप्त कर प्लास्टिक बैग्स के प्रयोग न करने और इको फ्रेंडली बैग्स के उपयोग को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। साथ ही घर परिवार और मोहल्ले वासियों को भी इको फ्रेंडली बैग्स के उपयोग के लिए प्रेरित करने का संकल्प व्यक्त किया। बाल दिवस के अवसर पर विधायक की टीम ने प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर ( छात्र संख्या 118), कंपोजिट विद्यालय सरैया (छात्र संख्या



106), कंपोजिट विद्यालय उतरेठिया (छात्र संख्या 200), प्राथमिक विद्यालय घुसवल कलां (छात्र संख्या 76) तथा प्राथमिक विद्यालय स्कूटर इंडिया (छात्र संख्या 153) के बच्चों के बीच पहुंचकर ताराशक्ति केंद्रों पर निर्मित इकोफ्रेंडली बैग्स में रखकर स्टेशनरी किट प्रदान की। गौरतलब है कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की महिला स्वयं सहायता समूहों को सिलाई, कढ़ाई मशीनें प्रदान कर 135 ताराशक्ति केंद्र सिलाई सेंटरों की स्थापना कराई गई है। विधायक द्वारा इन केंद्रों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाते हैं, इसी क्रम में इन केंद्रों पर इको फ्रेंडली बैग्स भी निर्मित करवाए जाते हैं। इस दौरान विधायक की टीम के साथ मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, महामंत्री अनुज पाल, पार्षद के एन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रमाशंकर त्रिपाठी, रीना त्रिपाठी, मंडल मंत्री अरुण द्विवेदी, बूथ अध्यक्ष विजय यादव, मनीष शुक्ला, वार्ड अध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव, पुष्पा नेगी, दीपक साहू, सतगुरु प्रसाद, एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**कार्यकर्ताओं द्वारा बताए गए स्थानों पर लगवाई गईं 134 सोलर लाइट्स –**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा भाजपा बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की संस्तुति पर दूसरे चरण में 134 सोलर लाइट्स लगवाई गईं। इस से पहले विधायक द्वारा पहले चरण में 124 सोलर लाइटें लगवाई गईं थी।

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक, वाहनों की हुईं जाँच

बाराबंकी। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान नियमो का पालन करने की अपील की गई। थाना सफदरगंज के अंतर्गत कस्बा सैदनपुर के चौराहे पर अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के अनुपालन के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गयी। पुलिस ने दो पहिया वाहन सहित चार पहिया वाहनों की जांच और बेल्ट के उपयोग किए जाने की जांच की। सड़क सुरक्षा माह के तहत थाना प्रभारी सुधीर कुमार के निर्देश अनुसार चेकिंग अभियान चलाया गया।उन्होंने सावधानी से गाड़ी चलाने की हिदायत दी और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में लोगों को जागरूक भी किया। इस दौरान सैदनपुर चौकी प्रभारी एसआई सत्य प्रकाश यादव एसआई लक्ष्मीकांत सोनकर दीवान प्रदीप मिश्रा मौजूद रहे।

## जीजीआईसी देवा में बाल दिवस मेला आयोजित



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा बाराबंकी में प्रधानाचार्य डॉ सुविद्या वत्स के कुशल नेतृत्व में बाल दिवस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक त्रिपाठी प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष ने फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया। शिक्षिकाओं के निर्देशन में छात्राओं ने बहुत तरह की स्टाल लगाकर मेले का भरपूर आनंद लिया, खेलकूद कार्यक्रम, एम एच एम कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, आयोजित किए गए। स्टालों में भेलपूरी, चना, टाफी, बिस्कुट, गेम, चाट और मूंगफली, इत्यादि के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की याद में बच्चों ने लगाया बाल मेला




बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्र छात्राओं ने बाल मेला लगाया, बच्चों ने अपने हाथ से विविध व्यंजनों को बनाकर दुकानें लगाई, अभिभावकों ने बच्चों से खरीददारी कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर लोहिया अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव सिंह एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने जवाहर लाल नेहरू सहित अन्य महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण का मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ.गौरव सिंह ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया। बढ़ते वायरल बुखार, डेंगू, खांसी एवं सर्दी जनित बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं बचाव के बारे में बताते हुए डॉ गौरव सिंह ने कहा कि प्रारम्भिक सर्दी से बचने के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, मच्छरों से बचें, मच्छरदानी में सोएं, गुनगुना पानी ज्यादा से ज्यादा पियें, बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह से दवा लें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने शिक्षकों व मुख्य रूप से बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी। छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में भिन्न-भिन्न प्रकार की दुकानों से सजाये गए मेले में बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने भेलपुरी,मीठी गुजिया ,सिंघाड़ा ,पानी के बतासे, समोसा, जलेबी, सोन पापड़ी, टिक्की ,चाट मटर आदि दुकाने लगाई छात्र-छात्राओं की दुकानों से सभी शिक्षकों ने खरीदारी की शिक्षकों को अपनी खाद्य वस्तुएं बेचकर बच्चे बेहद प्रसन्न थे। शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, व प्रिया मौर्या ने सभी बच्चों से क्रय विक्रय के पश्चात लाभ हानि की जानकारी ली जिसमें कई बच्चों ने काफी मुनाफा कमाया शिक्षिका वंदना वर्मा ने कहा यह बल मेला आपको भविष्य में बिजनेस करने के तरीके की सीख देता है ताकि आप भविष्य में एक अच्छे व्यवसायी बने इस अवसर पर शिक्षिका पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, अनीता व स्कूल स्टाफ सरोज, सरस्वती एवं जियालाल सहित 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## बाल दिवस पर वी फाउंडेशन ने बच्चों को किया प्रोत्साहित



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन को अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इसी क्रम में वी फाउंडेशन द्वारा बंकी विकासखंड स्थित यूनिवर्सल मांटेसरी स्कूल गनौरा में बच्चों के बीच चित्रकारी प्रतियोगिता कराकर उनको पुरुस्कृत और प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव,भाकियू जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी, वी फाउंडेशन अध्यक्ष डाक्टर आशीष माथुर ,कार्यक्रम अधिकारी शिवबहाल मौर्य, स्कूल प्रधानाध्यापक अरविंद वर्मा,अनिल कुमार, अनीता,संगीता, अंजलि आदि मौजूद रहे।इसके अलावा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा,किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इस्माइलपुर,महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी,श्याम बाल विद्या मंदिर तकाजीपुर, अंसरा पब्लिक स्कूल खेवली, एच बी पटेल हाईस्कूल गौरासादिकपुर में भी बड़ी भव्यता पूर्वक बाल दिवस मनाया गया।

# सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुँचें : प्रभारी मंत्री सुरेश राही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिले के प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री कारागार उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश राही की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक को शुरू करने से पूर्व प्रभारी मंत्री/ कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, उत्तर प्रदेश खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, जिला प्रभारी एमएलसी अवनीश कुमार सिंह पटेल, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा बुके देकर स्वागत किया। ततपश्चात समीक्षा बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री /कारागार राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सुरेश राही ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशानुसार कार्य करें जिससे सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुँच सके।मुख्यमंत्री की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचे इसके लिये अधिकारी अपने-अपने विभाग के कार्य/ दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यो में

**सरकार की मंशानुसार कार्य करें अधिकारी:प्रभारी मंत्री**

**प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**

**प्रभारी मंत्री ने धान खरीद में तेजी लाने के दिये निर्देश**

लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की जाए। सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने मुख्य चिकित्साधिकारी से स्वास्थ्य विभाग में तैनात चिकित्सकों और उपलब्ध दवाओं के विषय में जानकारी ली और कहा कि अस्पतालों में शौचालयों की स्थित बेहतर करें और उनकी नियमित साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए इसके अलावा मरीजों को दिए जाने वाले भोजन पर विशेष ध्यान दिया उन्हें स्वच्छ और पौष्टिक भोजन दिया जाए। कैंटीन को साफ-सुथरा रखा जाए। चिकित्सक, मरीजों को बाहर से दवायें न लिखे, सभी दवाएं अस्पताल से ही उन्हें उपलब्ध कराई जाए। गांव स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को बेहतर संचालित किया जाए। भवनों के शिलान्यास और लोकापर्ण में जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया जाए और सरकार की योजनाओं का अच्छे से प्रचार प्रसार किया




जाए जिससे आमजनमानस योजनाओं से लाभान्वित हो सके।सिरौलीगौसपुर और हैदरगढ़ सीएचसी की व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए। इसके बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद्य एवं रसद विभाग की योजनाओं के विषय में मा0 प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया जिस पर उन्होंने कहा कि जो पात्र है उनके राशन कार्ड समय पर बन जाये। इसके बाद बालविकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन होता रहे। जिन केंद्रो पर आंगनबाड़ी की भर्ती प्रक्रिया गतिमान है उसे नियम पूर्वक समय से पूरा करा लिया जाए। कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन भी स्कूलों में बच्चे ड्रेस में कम दिखते है, माता-पिता या अभिभावकों द्वारा ड्रेस नहीं खरीदी जाती है या अन्य कोई कारण है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्कूलों में शिक्षकों और बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सहित बच्चों का प्रेरणा एप पर एसेसमेंट किया जाता रहे। पिछडा वर्ग विभाग द्वारा छात्रवृत्ति और शादी अनुदान के आवेदनों का समय निस्तारण कर लिया जाए और लाभर्थियों को समय से पैसा भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समाज कल्याण विभाग के तहत सामूहिक विवाह के आवेदनों का सत्यापन समय पर कर पात्रों को योजना का लाभ दिया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में जितने भी 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग है, स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करके उनकी सूची लेकर सभी के पेंशन फॉर्म शतप्रतिशत भरवाकर उन्हें पेंशन दिलाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित करके दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण किया जाए। गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान किया जाए। दुग्ध खरीद के भुगतान पर विशेष ध्यान दिया जाए। मनरेगा के कार्यों का समय पर भुगतान और सड़कों की मरम्मत, चौड़ीकरण तथा नई सड़कों के निर्माण आदि के कार्य सम्बन्धित विभाग समय पर पूर्ण करें। नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों में पेयजल परियोजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री आवासों को समय पर पूर्ण कराया जाए। गौवंश के मामले में गौशालाओं की सुविधाएं बेहतर की जाए। देशी गायों की नस्लों को बचाने के लिये प्रयास किये जायें। किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को शतप्रतिशत मिले इसके लिये कृषि विभाग निरन्तर मॉनिटरिंग करें। धान खरीद में किसानों को क्रय केंद्रों पर इंतजार न करना पड़े, धान में नमी बताकर किसानों को क्रय केंद्रों से न लौटाया जाए इस बात का सम्बंधित अधिकारी ध्यान रखे। विद्युत विभाग खराब ट्रांसफार्मर सहित अन्य शिकायतें समय पर दूर करें। स्वीकृति नए नलकूपों में बिजली कनेक्शन देकर समय पर उन्हें चालू कराया जाए जिससे किसानों को पानी की समस्या न होने पाए। सिंचाई विभाग समय पर नहरों की सिल्ट सफ़ाई का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# भारत की नजरें श्रृंखला जीतने पर, फोकस रिंकू सिंह के फॉर्म और बल्लेबाजी क्रम पर


एजेंसी




जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिए रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन 3-1 से जीतने के लिए बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी। भारत के लिए वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती। मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है। टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा। भारत ने अपने 15 में से 12 खिलाड़ियों को पहले तीन मैचों में आजमाया है और अब देखना है कि तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को पहला मौका मिलता है या नहीं।

# नाथन मैकस्वीनी को डेविड वार्नर की तरह खेलने की जरूरत नहीं, उसके पास अपना खेल है : उस्मान ख्वाजा

एजेंसी



पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अपने नए सलामी जोड़ीदार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन करते हुए उनसे कहा है कि वह पर्थ में भारत के खिलाफ डेविड वार्नर की तरह खेलने का प्रयास करने की जगह अपना खेल खेलें। अपने 38वें जन्मदिन की ओर बढ़ रहे ख्वाजा ने 73 टेस्ट में 15 शतक की मदद से लगभग साढ़े पांच हजार रन बनाए हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से रन बनाना ही सब कुछ नहीं है और उन्होंने मैकस्वीनी को सलाह दी कि वह सिर्फ उस प्रक्रिया को दोहराएं जो अब तक उनके लिए सफल रही है। 'न्यूज.कॉम.एयू' ने ख्वाजा के हवाले से कहा, ''मुझे नहीं पता कि यह मिथक कहां से शुरू हुआ कि आपको कोई ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो बहुत तेजी से रन बनाए। सलामी बल्लेबाज के रूप में आप रन बनाने का प्रयास करते हैं और इसके लिए आपके पास पंच दिन होते हैं। पिछले साल हमारा कोई टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं गया। सलामी बल्लेबाजी का मतलब रन बनाना और उस समय क्रीज पर डटे रहना है। वार्नर के बारे में बात करते हुए ख्वाजा ने कहा कि हर कोई उनके पूर्व सलामी जोड़ीदार की तरह प्रतिभाशाली नहीं होता जो पारंपरिक प्रारूप में आसानी से तेजी से रन बना सकते थे। ख्वाजा ने कहा, ''डेवी (वार्नर) खास थे। वह मुश्किल समय में टिके रहकर रन बना सकते थे। वह कभी-कभी 100 गेंद में 100 रन बना लेते थे लेकिन वह हर बार ऐसा नहीं करते थे। कभी-कभी उन्हें 100 रन बनाने के लिए 170, 180 गेंद लग जाती थीं। उन्होंने कहा, उनके प्रदर्शन में निरंतरता थी, वह क्रीज पर उतरकर बाद में आने वाले लोगों के लिए मंच तैयार करता था और रन बनाता था। ये दोनों काफी महत्वपूर्ण चीजे हैं। ख्वाजा को भरोसा है कि उचित गति से रन बनाने के अलाव मैकस्वीनी में लंबे समय तक टिके रहने की क्षमता भी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि नाथन यह काम बहुत अच्छे से करता है। वह रन बना सकता है लेकिन वह लंबे समय तक बल्लेबाजी भी कर सकता है। अगर आप मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट में ये बहुत महत्वपूर्ण पहलू हैं।'' ख्वाजा ने मैकस्वीनी को चेतावनी दी कि 'क्रिकेट में कोई गारंटी नहीं है' लेकिन उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय बल्लेबाज को टेस्ट क्रिकेट में 'कुछ अलग करने की जरूरत नहीं है।

## छठे एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फ़ेस्टिवल का आयोजन दिल्ली में 23 को

एजेंसी

नई दिल्ली। एशिया का सबसे बड़ा खेल साहित्यिक आयोजन एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फ़ेस्टिवल (ईएसएलएफ) का छठा संस्करण 23 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित होगा। खेल संस्कृति, जुनून और खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानियां छठे एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फ़ेस्टिवल के दौरान विभिन्न सत्रों में लेखकों और खिलाड़ियों के साथ चर्चा का केंद्र बनेंगी। इनमें प्रमुख सत्र में होंगी लेखिका, निर्माता और खेल पत्रकार सारा गेर्हार्ट, जो अपने अनुभवों को साझा करेंगी। उनका यह अनुभव केन्या में बिताए गए समय पर आधारित है, जिसमें उनकी पुस्तक वी शेयर द सनः द जर्नी ऑफ पैट्रिक सांग एंड केन्यास लीजेंडरी रनर्स का उल्लेख होगा। इस वर्ष के ईएसएलएफ में प्रसिद्ध शतरंज लेखक पीटर डॉगर्स की किताब द चेस रेवोल्यूशन भी शामिल होगी, जो डिजिटल युग में शतरंज के हालिया शानदार उभार और इसके लोकप्रिय संस्कृति पर प्रभाव का विश्लेषण करती है। न्यूयॉर्क से सारा ने कहा, मैं भारत आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे पता है कि यह एक प्राचीन संस्कृति की भूमि है और इसलिए यहां किताबों का बहुत आदर है। यह कोई आश्चर्य नहीं कि दुनिया के महानतम लेखकों में से कुछ भारत से हैं और मैं यहां कई जानकार लोगों से मिलने, विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रसिद्ध भारतीय भोजन और मेहमाननवाजी का आनंद लेने के लिए उत्सुक हूं।

पीटर डॉगर्स ने भी अपनी भारत यात्रा को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, यह वह भूमि है, जहां पहली बार यह खेल खेला गया था और मेरे लिए यह एक तीर्थ यात्रा के समान है।

# सीनियर खिलाड़ियों ने युवाओं से कहा– ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के बाद बेहतर क्रिकेटर बनोगे

एजेंसी



पर्थ। मुख्य कोच गौतम गंभीर और कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहे युवा खिलाड़ियों से कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाएगी। भारतीय टीम में शामिल आठ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार टेस्ट खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, अभिमन्यु ईश्वरन, सरफराज खान, नीतिश रेड्डी, हर्षित राणा, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा सभी पहली बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रहे हैं। ऐसे में विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह से मिलने वाली सलाह उनके काफी काम आयेगी। कोहली और अश्विन का यह पांचवां टेस्ट दौरा (2011.12, 14.15, 18.19, 20.21) है जबकि बुमराह का तीसरा (2018 . 19 , 20.21) टेस्ट दौरा है। भारत के बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने बीसीसीआई टीवी द्वारा डाले गए वीडियो में कहा ,'' गौती भाई (गंभीर) ने दौरे से पहले खिलाड़ियों से बात की। कुछ सीनियर खिलाड़ी भी साथ थे। उन्होंने कहा, बुमराह, विराट , अश्विन ने खिलाड़ियों से बात की कि कैसे पहले वह युवा खिलाड़ी के तौर पर यहां आये थे और आस्ट्रेलिया दौरे के बाद उन्हें महसूस हुआ कि वे बेहतर क्रिकेटर बनकर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेटरों के लिये यह सबसे कठिन चुनौती है जिसका उन्हें सामना करना है। गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा, यह अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर की सबसे रोचक स्पर्धा है क्योंकि दोनों टीमें एक दूसरे को एक मौका भी नहीं देना चाहेंगी।

## पीवी सिंधु जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं, भारतीय चुनौती समाप्त

कुमामोतो (जापान)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही बृहस्पतिवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं। उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। पीवी सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। पीवी सिंधु ने 11-8 की बढत बना ली और उसके बाद लगातार बढत कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8-3 से बढत बना ली।

# भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026–27 तक 6.5–7 फीसदी की दर से बढ़ेगी : एसएंडपी

**अच्छी आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता को समर्थन देना जारी रखेंगी**

एजेंसी




नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को देश की आर्थिक वृद्धि दर पर जारी अपने अनुमान में कहा कि भारत 31 मार्च, 2027 तक तीन वित्तीय वर्षों में सालाना 6.5-7 फीसदी की विकास दर से आगे बढ़ेगा। रेटिंग एजेंसी ने जारी अपनी वैश्विक बैंक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा है कि बुनियादी ढांचे पर खर्च और निजी खपत से वृद्धि को गति मिलने से भारतीय अर्थव्यवस्था के 31 मार्च 2027 तक तीन वित्त वर्षों (2024-25, 2025-26 और 2026-27) में सालाना 6.5-7 फीसदी के बीच बढ़ने का अनुमान है। इसके साथ ही एसएंडपी ने अपनी वैश्विक बैंक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि अच्छी आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता को समर्थन देना जारी रखेंगी, जबकि स्वस्थ कॉर्पोरेट बही-खाते, सख्त 'अंडरराइटिंग' मानक और बेहतर जोखिम प्रबंधन प्रथाएं परिसंपत्ति गुणवत्ता को और स्थिर करेंगी। इससे पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेल उत?पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही थी।

## खुदरा के बाद अब थोक महंगाई दर अक्टूबर महीने में बढ़कर 2.36 फीसदी पर पहुंची

एजेंसी



नई दिल्ली। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। थोक मूल्य सूचकंाक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर अक्टूबर में बढ़कर 2.36 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि सितंबर में यह 1.84 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़े में बताया कि अक्टूबर में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़कर 11.59 फीसदी पर आ गई है, जबकि सितंबर में यह 9.47 फीसदी पर रही थी। सब्जियों की कीमतों में सितंबर महीने के 48.7 फीसदी की तुलना में अक्टूबर में उछलकर 63.04 फीसदी पर आ गई है। इसी तरह अक्टूबर में विनिर्मित उत्पादों की महंगाई 1.5 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि सितंबर में यह 1 फीसदी थी। हालांकि, अक्टूबर में ईंधन और बिजली की कीमतों में पिछले महीने की तुलना में 5 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। इससे पहले जारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर अक?टूबर में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.2 फीसदी पर पहुंच गई, जो सितंबर में 5.5 फीसदी थी। महंगाई बढ़ने से अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत दिखने लगने हैं। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा महंगाई दर 4.5 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक गवर्नर ने कहा था कि महंगाई दर कम हो रही है, लेकिन प्रक्रिया धीमी और असमान है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्या के भरोसे पर खरा उतरना चाहता था : तिलक वर्मा

**सेंचुरियन।** जब सूर्यकुमार यादव ने यह बताने के लिये तिलक वर्मा के होटल के कमरे पर दस्तक दी कि वह तीसरे टी20 मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा तो कृतज्ञता से भरे इस बल्लेबाज ने अपने कप्तान से वादा किया कि वह उनके भरोसे पर खरा उतरेगा। तिलक ने 51 गेंद में शतक जमाया और दूसरा पचासा तो सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया। इसके बाद उन्होंने डगआउट में देखते हुए अपने कप्तान के प्रति आभार जताने के लिये 'फ्लाइंग किस' किया। सूर्यकुमार ने अपने बल्लेबाजी क्रम पर उन्हें उतारने का फैसला जो लिया था। तिलक ने दक्षिण अफ्रीका पर 11 रन से मिली जीत के बाद पत्रकारों से कहा ,''यह हमारे कप्तान 'स्काय' के लिये था जिसने मुझे तीसरे नंबर पर खेलने का मौका दिया। उन्होंने कहा ,'' मुझे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद है लेकिन पिछले दो मैचों में चौथे नंबर पर उतरा। मैच से पहले की रात वह मेरे कमरे में आया और उसने कहा कि तुम तीसरे नंबर पर उतरोगे। उसने कहा कि यह अच्छा मौका है और जाकर खुलकर खेलो। मैने कहा कि तुमने मुझे यह मौका दिया है और मैं मैदान पर तुम्हारे भरोसे पर खरा उतरकर दिखाऊंगा। उन्होंने कहा ,'' जब हम फ्लॉप थे तब भी टीम ने हमारा साथ दिया। उन्होंने कहा कि उसी तरह से खेलो जिसके लिये भारतीय टीम जानी जाती है। कप्तान और प्रबंधन (अंतरिम कोच वीवीएस लक्ष्मण) ने कहा कि बिंदास खेलना अगर विकेट गिरे तब भी। तिलक ने कहा कि ऊंगली की चोट के कारण वह दो अंतरराष्ट्रीय दौरो पर नहीं जा सके लेकिन उन्हें हमेशा से पता था कि उनका समय आने पर वह रन बनायेंगे। उन्होंने कहा ,'' पिछले आईपीएल मैच में मेरी ऊंगली की हड्डी खिसक गई थी और मैं दो महीने तक खेल नहीं सका। इसके बाद नेट्स पर मुझे फिर फ्रेक्चर हो गया जिससे मैं जिम्बाब्वे और श्रीलंका नहीं जा सका। मुझे बुरा लग रहा था लेकिन मैने संयम नहीं खोया और प्रक्रिया पर ध्यान दिया। मुझे पता था कि सही समय आने पर मैं रन बनाऊंगा।''

### पूर्व ईपीएल स्टार सोल कैंपबेल टाटा स्टील विश्व 25के रेस के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड दूत बने

**कोलकाता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग के पूर्व स्टार फुटबॉलर सोल कैंपबेल को बृहस्पतिवार को टाटा स्टील विश्व 25 के (किलोमीटर) रेस का अंतरराष्ट्रीय ब्रांड दूत बनाया गया। दुनिया की पहली विश्व एथलेटिक गोल्ड लेबल रेस का आयोजन यहां 15 दिसंबर को होगा। दुनिया के महान डिफेंडरों में शुमार रहे 50 वर्ष के कैंपबेल आर्सनल के लिये खेलते थे। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' सिटी आफ जॉय आना प्रसन्नता की बात होगी। इंग्लैंड का होने के नाते मैं भारत को क्रिकेट के जरिये जानता हूं लेकिन मैने सुना है कि यह शहर खेलप्रेमियों के लिये मशहूर है। उन्होंने कहा ,'' मैं टाटा स्टील विश्व 25के रेस के लिये कोलकाता आने को लेकर उत्साहित हूं। फुटबॉल को पसंद करने वालों को दौड़ भी पसंद होती है। मैं पश्चिम बंगाल और भारत के सभी फुटबॉलप्रेमियों और खेलप्रेमियों से इस रेस में भाग लेने की अपील करता हूं। टाटा स्टील विश्व 25 के रेस में 25 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, आनंद रन (4.5 किलोमीटर) , वरिष्ठ नागरिक रेस (2.3 किलोमीटर) और दिव्यांग चैम्पियंस (2.3 किलोमीटर ) के लिये पंजीयन 22 नवंबर तक खुला रहेगा।

### एग्रो टेक फूड्स का नाम बदलकर 'सनड्रॉप ब्रांड्स' हुआ; डेल मोंटे फूड्स का करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** एग्रो टेक फूड्स ने शेयर अदला–बदली सौदे के जरिये भारती एंटरप्राइजेज से डेल मोंटे फूड्स का अधिग्रहण करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। एग्रो टेक फूड्स के पास एसीटी टू पॉपकॉर्न और सनड्रॉप जैसे ब्रांड का स्वामित्व है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एग्रो टेक फूड्स के निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक में इस अधिग्रहण को मंजूरी दी। कंपनी का नाम 'एग्रो टेक फूड्स लिमिटेड' से बदलकर 'सनड्रॉप ब्रांड्स लिमिटेड' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। एग्रो टेक फूड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं कार्यकारी निदेशक आशीष कुमार शर्मा ने कहा, '' हम सनड्रॉप ब्रांड परिवार में डेल मोंटे फूड्स का स्वागत करते हुए खुश हैं। यह साझेदारी आधुनिक उपभोक्ताओं को बेहतर खाद्य अनुभव प्रदान करने के हमारे उन्नत दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। सौदे के तहत एग्रो टेक फूड्स कंपनी के 1.33 करोड़ शेयर भारती एंटरप्राइजेज को जारी करेगी, जिससे यह दूसरी सबसे बड़ी शेयरधारक बन जाएगी।

## देश का निर्यात अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। देश का वस्तु निर्यात बीते माह यानी अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 33.43 अरब डॉलर रहा था। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में देश का आयात भी 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो एक साल पहले इसी माह में 63.86 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर आलोच्य महीने में 27.14 अरब डॉलर रहा। देश का वस्तु निर्यात सितंबर महीने में मामूली 0.5 प्रतिशत बढ़कर 34.85 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह ( अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान देश का निर्यात 3.18 प्रतिशत बढ़कर 252.28 अरब डॉलर और आयात 5.77 प्रतिशत बढ़कर 416.93 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, ''यह निर्यात के लिए काफी अच्छा महीना रहा है।

# सर्राफा बाजार में लगातार छठे दिन सोना सस्ता, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज लगातार छठे दिन गिरावट आई है। आज सोना 400 रुपये से लेकर 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76,990 रुपये से लेकर 76,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70,500 रुपये से लेकर 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 76,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 76,890 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 76,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 76,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 76,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 76,890 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना लगातार छठे दिन सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 76,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# किसान वर्ग का संगठित रहना राष्ट्रवाद के लिए ज़रूरी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

अजमेर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को पुष्कर में आयोजित 105 वें राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में कहा कि किसानों को कृषि उत्पादों के विपणन पर भी ध्यान देना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान समुदाय को बांटने की साजिश करने के प्रयासों को सब मिलकर रोक सकते हैं। किसान समाज की आत्मा है। किसान के बिना समाज की कल्पना मुश्किल है। किसानों के लिए 24 घंटे तत्पर रहकर कार्य करने में खुशी मिलेगी। किसान समाज की सेवा और पूजा करने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। किसान वर्ग का संगठित रहना राष्ट्रवाद के लिए सबसे उत्तम है। देश पर संकट आने की स्थिति में किसान अपनी छाती खोलकर संकट का मुकाबला करता है।

उन्होंने कहा कि अन्नदाता हमेशा से भारतीय समाज के लिए पूजनीय और वंदनीय रहे हैं। श्री वीर तेजाजी महाराज, महाराजा सूरजमल, राजा महेंद्र प्रताप, सर छोटूराम एवं नाथू राम मिर्धा ने किसान वर्ग का मार्गदर्शन किया है। ये हमारे देश की शक्ति का प्रतीक है। परिवार में बुजुर्गों का दायित्व नई पीढ़ी को नैतिक मूल्य प्रदान करना है। महिला शिक्षा को समाज में बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के बुद्धि कौशल से दुनिया अचंभित है। इसी के साथ उन्होंने अपने परिवार, कुटुंब, वातवरण का ख्याल रखने और अपने कर्तव्यों का पालन करने पर भी जोर दिया। धनखड़ ने किसानों से कृषि उत्पादों के विपणन और व्यापार में भी अपनी साझेदारी बढ़ाने का आग्रह किया। अपने द्वारा उत्पादित फसलों का व्यापार किसान को स्वयं करना चाहिए। अधिकतर उद्यमों का आधार कृषि है। कृषि उत्पादों का वेल्यू एडिशन करके मार्केटिंग करने से किसान समृद्ध होंगे। सरकार की सकारात्मक नीतियां इस कार्य में सहयोगी रहेगी। कृषि के क्षेत्रा में नवीनतम तकनीक आने से उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। कृषि उत्पादों को तुरंत बेचने के स्थान पर बाजार की मांग एवं आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए बेचा जाना चाहिए।

पुष्कर दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति ने ब्रह्मा मंदिर एवं जाट शिव मंदिर में भी दर्शन किए एवं वीर तेजा और एनआर मिर्धा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वीर तेजा कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण एवं संरक्षक हरसुख पूनियां उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि समाज का गौरव बढ़ने से राष्ट्र का विकास होता है। समाज की 36 कौम को साथ लेकर चलने से देश का तेजी से विकास होगा। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा ही नहीं शून्य है। इसलिए महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। समाज में विषमता मिटाने की आवश्यकता है। पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि किसान देश की सीमाओं की रक्षा करने में सबसे आगे रहते हैं। समाज का विकास

# सामाजिक न्याय के लिए बदलाव जरूरी : रिजिजू

## वक्फ बिल पर पुस्तक का विमोचन

एजेंसी




नई दिल्ली। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कृष्ण मेनन रोड स्थित अपने निवास स्थान पर 'वक्फ बिल 2024: रिस्पेक्ट टू इस्लाम एंड गिफ्ट फॉर मुस्लिम्स' नामक किताब का विमोचन किया। किताब में वक्फ प्रणाली की चुनौतियों को स्पष्ट रूप से दिखाया गया है और वक्फ बिल 2024 में किए गए सुधारों की वकालत की गई है।

पुस्तक में 'उम्मीद एक्ट' (यूनाइटेड बफ एक्ट फॉर मैनेजमेंट एंपावरमेंट एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) की प्रशंसा की गई है। इस एक्ट के जरिए वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन, डिजिटल रिकॉर्ड-कीपिंग और तीसरे पक्ष से ऑडिट की प्रक्रिया का प्रस्ताव रखा गया है। यह बदलाव वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता लाने, वक्फ संपत्तियों का अधिकतम उपयोग करने और समाज के सबसे कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किए गए हैं।

किताब के लेखकों में डॉ. शाहिद अख्तर, डॉ. शालिनी अली, शिराज़ कुरैशी (वकील) और शाहिद सैयद शामिल हैं। किरण रिजिजू ने इस किताब के विमोचन के दौरान इसे वक्फ सुधार के लिए एक मील का पत्थर करार दिया और कहा कि इस किताब में न केवल वक्फ सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं बल्कि यह समाज में न्याय, समानता और समग्र विकास की भावना को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए किया जाएगा, जो मुस्लिम समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किताब में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि वक्फ न केवल एक धार्मिक न्यास है बल्कि यह एक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में काम कर सकता है, जो समावेशी और न्यायपूर्ण विकास को बढ़ावा दे सकता है। रिजिजू ने यह भी कहा कि इस किताब से वक्फ को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और वक्फ प्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। किरण रिजिजू ने पुस्तक लेखन की प्रेरणा बने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच मुस्लिम समुदाय के बीच जागरूकता फैला रहा है, जो समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# डॉक्टरों को निर्देश देने की याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सा पेशेवरों की ओर से रोगियों के खाने की सलाह संबंधित दवाओं से जुड़े सभी प्रकार के संभावित जोखिमों और प्रतिकूल प्रभावों को आगाह करने का निर्देश देने की मांग को लेकर पेश याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और के वी विश्वनाथन की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली श्री वडक्कनचेरी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसा निर्देश व्यावहारिक नहीं है। एक डॉक्टर अलग-अलग मरीजों को अलग-अलग दवाएं लिख सकता है। श्री वडक्कनचेरी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी, जिसने 15 मई को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि याचिका में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है कि क्या डॉक्टरों को अपने मरीजों को उनके द्वारा लिखी जा रही दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। पीठ ने हालांकि, कहा कि यदि इसका पालन किया जाता है तो एक सामान्य चिकित्सक 10 से 15 से अधिक मरीजों की देखभाल करने में सक्षम नहीं हो सकता है और फिर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत मामले हो सकते हैं। श्री भूषण ने दावा किया, ''इससे चिकित्सा लापरवाही के उपभोक्ता संरक्षण मामलों से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने दलील दी कि डॉक्टरों के लिए निर्धारित दवाओं के संभावित दुष्प्रभावों के बारे में एक मुद्रित प्रोफार्मा रखना आसान होगा। इस पर, पीठ ने कहा कि एक डॉक्टर अलग-अलग मरीजों को अलग-अलग दवाएं लिख सकता है। पीठ के समक्ष फिर, श्री भूषण ने तर्क दिया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गलत दवाओं के कारण मरीजों को होने वाले नुकसान के बारे में बताया है। इस पर, पीठ ने कहा कि डॉक्टर पहले से ही शीर्ष अदालत के फैसले से नाखुश हैं, जिसने चिकित्सा पेशे को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में लाया है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि एकमात्र काम जो किया जा सकता है, वह है फार्मेसियों में स्थानीय भाषा में एक बोर्ड प्रदर्शित करना, जो खरीदार या रोगी को दवा के कवर को ठीक से पढ़ने की सलाह देता है। याचिका में केंद्र और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे देश में काम करने वाले सभी चिकित्सा पेशेवरों को यह अनिवार्य करें कि वे किसी रोगी को (क्षेत्रीय भाषा में एक अतिरिक्त पर्ची के रूप में) पर्चे के साथ-साथ, किसी दवा या फार्मास्युटिकल उत्पाद से जुड़े सभी प्रकार के संभावित जोखिमों और दुष्प्रभावों के बारे में बताएं। याचिका में तर्क दिया था कि रोगियों को सूचित विकल्प बनाने का अधिकार है और दवाओं को निर्धारित करने वाले डॉक्टरों के लिए संबंधित रोगी को ऐसी दवाओं के सेवन से जुड़े दुष्प्रभावों के बारे में बताना अनिवार्य होना चाहिए। याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष दलील दी थी कि डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवा के दुष्प्रभावों से अवगत होने पर रोगी सूचित विकल्प अपनाने में सक्षम होगा कि उसे इसका सेवन करना है या नहीं। शीर्ष अदालत से पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया था कि यह विवाद का विषय नहीं है कि पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा बिक्री के समय दवा के साथ दी गई जानकारी पर्याप्त थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था, ल्लचूंकि विधायिका ने अपने विवेक से निर्माता और फार्मासिस्ट पर यह कर्तव्य थोपने का चुनाव किया है, इसलिए हमें इस जनहित याचिका में अनुरोध किए गए निर्देश जारी करने का कोई आधार नहीं दिखता।



# झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जायेगा : शाह

एजेंसी

गिरिडीह। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत का दावा करते हुए आज कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही एक-एक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जायेगा।

श्री शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड के विकास के लिए कई विकास योजनाओं को दें रहे है, लेकिन हेमंत सरकार सभी योजनाओं को भ्रष्टाचार के बलि चढ़ा दे रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही एक एक भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जायेगा। उनकी पार्टी राज्य से घुसपैठ, नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का काम करेगी गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव के दौरान जो कहते है उसके कभी पूरा नही करते है, लेकिन भाजपा जो भी वादा करती है वह मोदी की गारंटी होती है, जिसे हर हाल में पूरा किया जाता है। बाद में श्री शाह ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के महेशमुंडा स्थित कुसुंभा मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार के साथ-साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन पर जमकर निशाना। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी झारखंड में लगातार आदिवासियों पर अत्याचार किया जा रहा है। स्वयं कल्पना सोरेन आदिवासी नेत्री है, लेकिन उन्हें आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार से कोई लेना देना नही है। संथाल परगणा में आदिवासियों की संख्या घट रही है। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी कश्मीर से धारा 370 को हटाने की बात करते है, लेकिन ये मोदी सरकार है राहुल गांधी क्या उनकी चार पुश्ते भी आ जाये तो भी कश्मीर से धारा 370 नहीं हटा पायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में देश में आतंकवादियो को पनाह दिया जाता था और वे खुलकर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन मोदी सरकार आते ही आतंकवादियों को उनके घर में घुस कर मारा गया। है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मजबूत बनाने के साथ ही विकास की ओर अग्रसर किया है। देश को समृद्ध बनाने का काम किया है। झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनी तो झारखंड को एक विकसीत एवं समृद्ध राज्य बनाने का काम किया।




# वर्ष 2030 तक साढ़े नौ करोड़ भारतीयों के मधुमेह की चपेट में आने की आशंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में अभी आठ करोड़ लोग मधुमेह बीमारी से पीड़ित हैं और वर्ष 2030 तक यह आंकड़ा बढ़कर साढ़े नौ करोड़ से अधिक होने का अनुमान है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 34 लाख से अधिक लोग मधुमेह और इससे जनित बीमारियों से मर रहे हैं। बच्चों में फास्ट फूड, सीमित शारीरिक गतिविधियों, व्यायाम नहीं करने और कोल्ड ड्रिंक का ज्यादा सेवन इस बीमारी के खतरे को बढ़ा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार यह बीमारी अब युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रही है और लगभग दस प्रतिशत भारतीय युवा इससे पीड़ित हैं। भारत में मधुमेह पर शोध करने वाली संस्था रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के कहा




कि जिस तरह से मधुमेह का प्रसार बढ़ रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अगर समय रहते अपने खान पान और जीवन शैली में बदलाव नहीं किया तो अगले दो दशकों में भारत विश्व में डायबिटीज कैपिटल बन जाएगा।

देश में वर्ष 1950 शहरीकरण की दर मात्र 15 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 35 प्रतिशत हो गई है। लोगों की आमदनी में इजाफा हुआ है मगर लोगों में आराम तलबी से अन्य बीमारियों भी बढ़ी हैं। सुविधा संपन्न होने से निष्क्रिय जीवन शैली हुई है जिसका असर हमारे शरीर की मेटाबोलिक गतिविधियों पर पड़ा है और मधुमेह तथा हृदय की बीमारियों में बढ़ोतरी हुई है। शहरों में बच्चों में टाइप वन डायबिटीज हो रही है। संस्था के संचालन सचिव डॉक्टर पारस गंगवाल ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस पर 52 वीं वार्षिक बैठक में लोगों को इस बीमारी के खतरे से बचाने के लिए ए टू जेड अभियान की शुरुआत की जिसमें वजन पर नियंत्रण रखने, उचित रक्तचाप, खाने के बाद शुगर का स्तर 100 और खाना खाने के बाद 150, अच्छा कोलेस्ट्रॉल - एच डी एल 50 से ऊपर, बुरा कोलेस्ट्रॉल - एल डी एल 70 से नीचे रखने की हिदायत दी गयी है। इस बीमारी से बचने के लिए शराब, तंबाकू और तले भुने खाने से परहेज करें।

# पिछले दशक में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारी बदलाव: पाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी.के. पॉल ने गुरुवार को कहा कि पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारी बदलाव आया है जिसके कारण भारत में अगले पांच वर्षों में खसरा, रूबेला, ट्रेकोमा, कालाजार, टीबी, कुष्ठ रोग और लिम्फैटिक फाइलेरिया सहित सात बीमारियों खत्म होने की कगार होंगी। डॉ. पॉल ने यहां 43 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य मंडप का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए आमूल चूल बदलाव आया है। उन्होंने कहा, ल्ल चाहे वह सार्वभौमिक स्वास्थ्य के सपने को साकार करने की दिशा में काम करना हो या मानव संसाधन का निर्माण करना हो या बीमारी की रोकथाम के क्षेत्र में काम करना हो। सरकार जिस गति से काम कर रही है, उससे न केवल भारत सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में सक्षम होगा,



बल्कि जीवन प्रत्याशा, शिशु मृत्यु दर आदि जैसे कुछ स्वास्थ्य संकेतकों में भारत को विकसित देशों के बराबर लाएगा। डॉ. पॉल ने बताया कि भारत ने सिकल सेल एनीमिया के लिए पांच करोड़ से अधिक लोगों की जांच की है तथा आठ करोड़ लोगों की जांच के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, मौखिक स्वास्थ्य और परिवार नियोजन जैसे अन्य कार्यक्रमों में भी इसी तरह की प्रगति हो रही है। इस वर्ष का मंडप 'एक स्वास्थ्य' की थीम पर केंद्रित है, जो मानव, पशु, पौधे और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के परस्पर संबंध पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि एबी पीएम-जेएवाई पहल को हाल ही में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए बढ़ाया गया है, जबकि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का नेटवर्क व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। डॉ. पॉल ने बताया कि भारत ने अगले पांच वर्षों में खसरा, रूबेला, ट्रेकोमा, कालाजार, टीबी, कुष्ठ रोग और लिम्फैटिक फाइलेरिया सहित सात बीमारियों को खत्म कर दिया जाएगा या खत्म करने की कगार पर होंगी। उन्होंने कहा कि भारत अगले कुछ वर्षों में मलेरिया को भी खत्म करने के करीब होगा।

### नवाचार और शोध का प्रभाव लंबे समय तक बना रहेगा

नयी दिल्ली। नीति आयोग के स्वास्थ्य सदस्य वी के पाल ने गुरुवार को कहा कि भारत में मौजूदा नवाचार और अनुसंधान का प्रभाव लंब समय तक बना रहेगा और यह दबावपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान का समाधान करेगा। डॉ. पाल ने यहां स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आज के समय में जो प्रगति दिखायी दे रही हैं, वह न केवल मौजूदा समय की दबावपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करेगी, बल्कि भारत को स्वास्थ्य अनुसंधान में वैश्विक नेता के रूप में भी स्थापित करेगी। यह सम्मेलन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के 113वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया था। शिखर सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो के माध्यम से भाग लिया।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल सम्मेलन में मौजूद रहे। श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत का वैज्ञानिक परिदृश्य एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है और आज एक स्वस्थ, अधिक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में शोधकर्ताओं के अमूल्य योगदान है।

# पेज एक का शेष

## पीसीएस परीक्षा...

से कराए जाने के लिए 19 जून 2024 को दिशा-निर्देश जारी किया था। इसमें परीक्षा केंद्रों के चयन के लिए मानक तय किए गए थे। परीक्षार्थियों की सुविधाओं को देखते हुए परीक्षा केंद्र बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कोषागार से 10 किलो मीटर के अंदर ही बनाने की अनिवार्यता की गई थी। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र का चयन यथासंभव शहरी क्षेत्र में ही करने को गया था। जरूरत पड़ने पर परीक्षा केंद्र का चयन शहरी क्षेत्र के 10 किलो मीटर व्यास मुख्य मार्ग पर स्थित संस्थाओं में करने का निर्देश दिया गया था। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक की ओर से जारी शासनदेश में कहा गया है कि सम्यक विचार के बाद यह निर्णय किया गया है कि केवल उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा जो एक विशिष्ट परीक्षा है, के आयोजन के लिए इसकी अनिवार्यता समाप्त की जा रही है।

## 20 नये न्यूक्लियर...

बताया कि बुधवार को उन्होंने नगर विकास और आवास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। सभी योजनाओं में प्रगति मिली। स्वच्छता में में यूपी नौवें स्थान पर है, इस पर और ध्यान देने की जरूरत है। मेट्रो रेल में भी यूपी का प्रदर्शन अच्छा है। मीडिया के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि रैपिड रेल के तीन प्रोजेक्ट पहले चरण में हैं। इसमें मेरठ का 42 किमी का काम पूरा हो गया है। शेष 40 किमी का काम अगले चरण में पूरी कर ली जाएगी। जल्द ही दिल्ली से पानीपत और दिल्ली से अलवर का टेंडर भी हो जाएगा। इसके अलावा पांच लाइनें और प्रस्तावित हैं। इनमें से दो गाजियाबाद से निकलेंगी। एक दिल्ली से पलवल तक होगी। इसके अलावा दिल्ली से बड़ौत भी एक लाइन प्रस्तावित है। इनके डीपीआर तैयार कराए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रैपिड रेल अभी दिल्ली और आसपास के लिए है। उन्होंने बताया कि जेवर मेट्रो लाइन का काम शुरू हुआ है, इसे जल्दी पूरा किया जाएगा। इस मेट्रो से दिल्ली, हरियाणा के लोगों को भी लाभ होगा। लखनऊ मेट्रो के विस्तार पर उठे सवाल पर उन्होंने कहा कि इसकी रिव्यू करूंगा। भारत सरकार के स्तर से कुछ रूका होगा जो उसे पूरा किया जाएगा।

## कनाडा से अर्श...

रूप में नामित किया गया था। श्री जायसवाल ने कहा, ''जुलाई 2023 में, भारत सरकार ने कनाडा सरकार से उसकी अस्थायी गिरफ्तारी का अनुरोध किया था। इसे अस्वीकार कर दिया गया था। इस मामले में सभी कनाडाई अधिकारियों को अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध करायी गयी। अर्श दल्ला के संदिग्ध आवासीय पते, भारत में उसके वित्तीय लेनदेन, चल/अचल संपत्तियों, मोबाइल नंबरों के विवरण आदि को सत्यापित करने के लिए पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (एमएलएटी) के तहत कनाडा को प्रदान किया गये थे और जनवरी 2023 में एक अलग अनुरोध भी भेजा गया था। दिसंबर 2023 में, कनाडा के न्याय विभाग ने मामले पर अतिरिक्त जानकारी मांगी। इन सवालों का जवाब इस साल मार्च में भेजा गया था। प्रवक्ता ने कहा, ''हालिया गिरफ्तारी के मद्देनजर, हमारी एजेंसियां प्रत्यर्पण अनुरोध पर कार्रवाई करेंगी। भारत में अर्श दल्ला के आपराधिक रिकॉर्ड और कनाडा में इसी तरह की अवैध गतिविधियों में उसकी संलिप्तता को देखते हुए, यह उम्मीद की जाती है कि उसे भारत में न्याय के लिए प्रत्यर्पित या निर्वासित किया जाएगा।''

## 'जेएमआई में गैर मुसलमानों ...

करना शुरू कर दिया, क्योंकि वह मुस्लिम था और वह गैर-मुस्लिम थी। वहीं, जामिया के एक अन्य गैर-मुस्लिम शिक्षण संकाय ने गवाही दी कि गैर-मुस्लिम होने के कारण उसके अन्य मुस्लिम सहयोगियों से उसके साथ बहुत भेदभाव किया गया। अन्य मुस्लिम सहयोगियों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे बैठने की जगह, केबिन, फर्नीचर आदि उन्हें विश्वविद्यालय में शामिल होने के बाद लंबे समय तक नहीं दी गईं, जबकि उनके बाद शामिल हुए मुस्लिम संकाय सदस्यों को सभी सुविधाएं दे दी गईं। वह एससी समुदाय से हैं। इस समिति का गठन ल्लकॉल फॉर जस्टिसङ्क नामक एक गैर सरकारी संगठन द्वारा जेएमआई के संबंध में गैर-मुसलमानों के साथ भेदभाव और गैर-मुसलमानों के इस्लाम में धर्मांतरण और गैर-मुसलमानों को किए जा रहे उत्पीड़न के संबंध में जानकारी प्रदान के बाद किया गया था। उल्लेखनीय है कि गत चार अगस्त को अनुसूचित जाति और बाल्मीकि समाज के सदस्यों द्वारा एक कर्मचारी राम निवास के समर्थन में जंतर-मंतर पर एक प्रदर्शन किया गया था, जिन्हें गैर-मुस्लिम होने के कारण जेएमआई में परेशान किये जाने का आरोप लगाया गया था। कॉल फॉर जस्टिस को जेएमआई में गैर-मुस्लिमों के उत्पीड़न / धर्मांतरण और गैर-मुस्लिमों के साथ भेदभाव के संबंध में कई अन्य लोगों से मौखिक और लिखित शिकायतें भी मिलीं। जेएमआई के खिलाफ आरोपों की प्रारंभिक जांच करने के बाद, कॉल फॉर जस्टिस ने आरोपों की विस्तृत जांच करने के लिए एक तथ्य खोज समिति गठित करने का फैसला किया।

## डोमिनिका मोदी...

ने कहा कि यह पुरस्कार डोमिनिका और व्यापक क्षेत्र के प्रति श्री मोदी की एकजुटता के प्रति देश की कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री, डोमिनिका के लिए एक सच्चे साथी रहे हैं, खासकर वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बीच हमारी ज़रूरत के समय में। उनके समर्थन के लिए हमारी कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में और हमारे देशों के बीच मज़बूत संबंधों के प्रतिबिंब के रूप में उन्हें डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करना सम्मान की बात है। हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने और प्रगति और लचीलेपन के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। पुरस्कार की पेशकश स्वीकार करते हुए, श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर बल दिया और इन मुद्दों के समाधान में डोमिनिका और कैरिबियन के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डोमिनिका की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जो भारत और कैरिकॉम के बीच साझा प्राथमिकताओं और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा करने का एक मंच है।

## लूट-खसोट करते ...

घुसाकर यहां के अस्तित्व से खिलवाड़ करना चाहते हैं। यह बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करेंगे, रोजगार पर डाका डालकर रोटी की समस्या खड़ा करेंगे। इसे केवल भाजपा ही रोकेगी। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी कह रहे थे कि सरकार आएगी तो सिलेंडर देंगे। जब तुम्हारी सरकार थी तो क्या कर रहे थे। वे लोग हिंदुओं-जनजातियों का अधिकार घुसपैठियों को भी देंगे। भाजपा कहती है कि योजना का लाभ जनजातीय और झारखंडवासियों को मिलेगा, घुसपैठियों को नहीं। झामुमो, कांग्रेस व राजद ने लूटखसोट के अलावा क्या किया है। कांग्रेस के एक सांसद के घर 350 करोड़ रुपये तो झामुमो सरकार के मंत्री के घर में 35 करोड़ रुपये मिले। यह झारखंड का पैसा है, जो चंद लोग लूटकर घर को भरने का कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों के लिए राजनीति में कोई जगह नहीं है। इसे रोकने के लिए भाजपा आवश्यक है। सीएम ने कहा कि चंदनक्यारी में दुर्गा मूर्ति के जुलूस पर हमला कर दिया गया। मूर्ति खंडित कर दी गई, पूजा नहीं करने दिया गया। इन गुंडों व अराजक तत्वों का उपचार केवल भाजपा है। 2017के पहले यूपी में भी ऐसा ही था पर अब वहां सब चंगा है। कांग्रेस, झामुमो व राजद जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएगी। हम बंटे थे तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया। आप बंटेगे तो यह लोग मुस्लिम तुष्टिकरण, जुलूस पर हमला, पर्व-त्योहार में अशांति कराएंगे। इसलिए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरसा रैली से पहले नयाडांगा में श्रीराम मंदिर व मां काली के दर्शन किए। सीएम ने मंदिर कमेटी के लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हम लोग पिछड़ गए, लेकिन निरसा ने पहले ही राम मंदिर व मां काली का भव्य मंदिर बना दिया। मां काली व भगवान राम का मंदिर बहुत भव्य बना है। निरसा के लोगों को धन्यवाद।

